* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

27 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 39

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे राष्ट्रपति भवन, द्रौपदी मुर्मू से की मुलाकात

अवैध खनन और मनी लॉड्रिंग मामले में सुमन कुमार से हुई पूछताछ

सीए सुमन ने कबूला पकड़ाया पैसा आइएएस पूजा सिंघल का

- सुमन के घर से मिले थे 17.49 करोड़ रुपये, सात मई से हैं जेल में
- केंद्रीय कारा में घंटो पूछताछ, आज भी इडी अधिकारी पूछेंगे सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने शनिवार को निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के चार्टर्ड एकाउंटेट (सीए) सुमन कुमार से एक बार फिर पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक सुमन ने कबूल कर लिया है कि उसके पास से मिली नगद राशि निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की है और अवैध खनन से मिली है। गौरतलब है कि पूजा सिंघल भी अभी जेल में हैं। उन पर भी मनरेगा घोटाले के साथ-साथ अवैध खनन और मनी लॉड्रिंग का आरोप लगा है।

सुमन सात मई से हैं जेल में: इडी ने मई में छापा के दौरान सुमन के घर से 17 करोड़ 49 लाख 87 हजार 200 रुपये और कार्यालय से 29.70 लाख रुपये बरामद किया था। सुमन को सात मई को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह होटवार स्थित केंद्रीय कारा में बंद है। गिरफ्तारी के बाद इडी टीम ने सुमन को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद की जांच में इडी के सामने कई तथ्य आये। जिसे लेकर इडी ने एक बार फिर सुमन से पूछताछ शुरू की है। कोर्ट ने जेल में ही सुमन से पूछताछ के लिए दो दिन की मंजूरी दी है। जिसके बाद शनिवार को पूछताछ की गयी। उससे रविवार को भी पूछताछ होगी।

सुमन ने पहले बताया था क्लाइंट का पैसा : सूत्रों के मुताबिक सुमन बार-बार अपना बयान बदल रहा था। इसके पहले हुई पूछताछ में उसने फ्लैट में मिले पैसे को क्लाइंट का बताया था। सुमन ने जिन लोगों के नाम लिए थे, इडी उनसे पूछताछ की थी। उन सबों ने अपना पैसा होने से इंकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि किसी सीए को इतनी मोटी रकम फीस में नहीं दी जाती है। उधर, साहिबगंज, पाकुड़ और दुमका के डीएमओ ने यह स्वीकार किया था कि अवैध वसूली का पैसा सीए सुमन कुमार को भेजा गया था। इन तथ्यों को अधार सुमन से फिर से पूछताछ शुरू की गयी।

सूत्रों के मुताबिक इडी अधिकारी तथ्यों और प्राप्त सबूतों के आधार पर अपने साथ प्रश्नावली बना कर ले गये थे। सुमन से सवालों पर घंटों पूछताछ की गयी। जिसमें उसने स्वीकार किया कि घर से मिली नगद राशि पूजा सिंघल की थी।

हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को नहीं मिली बेल

रांची। साहिबगंज जिले में अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोप में जेल में बंद मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को जमानत देने से इडी की विशेष कोर्ट ने इंकार कर दिया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद यह फैसला सुनाया है। जमानत याचिका में सुनवाई के दौरान पंकज मिश्रा के वकील प्रदीप चंद्रा ने अदालत के समक्ष पंकज के मेडिकल ट्रीटमेंट से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किये थे और खराब स्वास्थ्य के आधार पर बेल देने का आग्रह किया था। वहीं इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस करते हुए पंकज मिश्रा के अधिवक्ता की दलीलों का पुरजोर विरोध किया था और अदालत से आग्रह किया था कि जमानत नहीं दिया जाये।

सीएम के प्रेस सलाहकार समेत चार के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार समेत चार के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अनुरोध पर अभिषेक प्रसाद, विशाल चौधरी, जे जयपूरियार और निशीथ केसरी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। इन्हें देश छोड़कर बाहर जाने पर रोक लगाया गया है। बता दें कि मनरेगा घोटाला मामले में इडी के सामने हाजिर होने के पहले अफसर और राजनेताओं का करीबी विशाल चौधरी थाईलैंड भाग रहे थे। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों ने शुक्रवार को उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ लिया। इसके बाद इसकी सूचना इडी को दी गयी। मौके पर पहुंचे इडी के अधिकारियों ने विशाल चौधरी को समन देकर 28 नवंबर को रांची स्थित कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश देकर छोड़ दिया था।

शोक संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः।।

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हम सब की प्रिय प्रिंसिपल मैडम

श्रीमती गार्गी मंजु

दिनांक : 24/11/2022

को अपनी सांसारिक यात्रा संपूर्ण कर प्रभु के श्रीचरण में विलीन हो गई हैं।
शोक-संतप्त परिवार उनके अनुकरणीय जीवन के असामयिक अंत पर आपकी संवेदनाओं के प्रति कृतज्ञ हैं।
अतः आपसे आग्रह है कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतू प्रार्थना करें।

शोकाकुल :

सुधीर तिवारी, वेदांत तिवारी, समस्त तिवारी परिवार
एवं टेन्डर हार्ट स्कूल परिवार

पूरी दृढ़ता के साथ जारी रहेगा गार्गी मंजु का सफर...

गार्गी मंजू एक प्रखर शिक्षाविद के साथ साथ एक कुशल, दूरदर्शी नेतृत्वकर्त्ता भी थी। उनके दूरगामी सोच का परिणाम है कि आज विद्यालय उनके अनुपस्थिति में भी उनके विरासत को उनके तय किये हुए लक्ष्य की ओर ले जाने के लिए कटिबद्ध है।

2019 में जब उनकी तबियत बिगड़ी एवं उन्हें एहसास हुआ की विद्यालय को आगे का सफर उनके बिना तय करना है, उस वक्त भी उन्होंने विद्यालय एवं छात्रों के हितों को ध्यान में रखकर कुशल लोगों की एक टीम तैयार करना शुरु कर दिया। उन्होंने विद्यालय की नयी प्राचार्या, सारे विषयों के प्रमुख, अशैक्षणिक कार्यों के लिए अलग टीम इत्यादि जैसे अनेक नियुक्तियां की। उनके द्वारा प्रशिक्षित टीम के कठिन परिश्रम एवं विद्यालय के प्रति प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप इस वर्ष दुबई में आयोजित इंटरनेशनल बिजनेस समिट एवं अवार्ड समारोह में टेंडर हार्ट विद्यालय को हिन्दुस्तान के श्रेष्ठ विद्यालय के खिताब से नवाजा गया।

श्रीमती गार्गी मंजू खराब स्वास्थ्य के कारण खुद नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ पाती थीं लेकिन उनके मार्गदर्शन में विद्यालय ने अपना सफर जारी रखा एवं बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। वर्ष 2022 में विद्यालय का रिजल्ट शत–प्रतिशत रहा एवं 100 से अधिक छात्रों ने 90% से ज्यादा अंक हासिल किये। बोर्ड रिजल्ट के अलावा आई आई टी, नीट इत्यादि जैसे कठिन परीक्षाओं में भी विद्यालय के छात्रों ने सफलता हासिल की एवं आज देश के सभी प्रतिष्ठित कॉलेजों में अध्ययनरत हैं। विद्यालय के विद्यार्थियों ने ओलिंपियाड, NTSE जैसे अन्य परीक्षाओं में भी विद्यालय का परचम लहराया। वर्ष 2022 में नेशनल साइकोलॉजी क्विज में टेंडर हार्ट विद्यालय को पूरे राज्यभर में प्रथम स्थान मिला। विद्यालय समाज के बदलते स्वरुप को देखते हुए अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी जोर देते हुए विद्यार्थियों को कुशल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योगा, क्रिकेट, फुटबॉल इत्यादि खेलों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राज्यभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने विजय हासिल किया।

आज श्रीमती गार्गी मंजू हमारे बीच शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हैं लेकिन उनकी अलौकिक प्रेरणापूर्ण आभा हमारे बीच सदैव जीवित रहेगी। वो हमेशा कहती थी कि उनकी आत्मा विद्यालय के सारे कक्षाओं, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में बसती है। उनके बताये हुए पदचिन्हों पर चलकर विद्यालय परिवार शिक्षा एवं अनुशासन को सर्वोपरि रखकर विद्यालय को श्रेष्ठ बनाये रखने के लिए काम करेगा। टेंडर हार्ट विद्यालय की प्रतिबद्धता एवं कर्तव्यनिष्ठा ही श्रीमती गार्गी मंजू के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

आजाद सिपाही
18S100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

उपेक्षा : सचिन पायलट की तरह हाशिये पर डाले जा रहे हैं केरल के सांसद

कांग्रेस में अछूत बना दिये गये हैं शशि थरूर

आजाद सिपाही विशेष

तिरुवनंतपुरम से सांसद और कांग्रेस ही नहीं, तमाम राजनीतिक दलों के सक्रिय नेताओं में शायद सबसे अधिक पढ़े-लिखे शशि थरूर को कांग्रेस में बनी नयी स्टीयरिंग कमेटी में जगह न दिया जाना अब किसी को अजीब नहीं लग रहा है, क्योंकि उन्होंने जिस तरह गांधी-नेहरू परिवार के प्रत्याशी मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ अध्यक्ष के चुनाव में मैदान में उतर कर एक हजार से अधिक वोट हासिल कर लिये, उसके बाद ऐसा होना लाजिमी था। लेकिन आश्चर्य इस बात पर हो रहा है कि अब पार्टी के भीतर शशि थरूर के साथ 'अछूत' जैसा व्यवहार किया जा रहा है। आज की तारीख में पार्टी के किसी भी स्तर के फैसले में उनकी कोई भूमिका नहीं है और यदि यह कहा जाये कि वह भी सचिन पायलट की तरह लगातार हाशिये पर डाले जा रहे हैं, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। लोग कह रहे हैं कि शशि थरूर को कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की सजा दी जा रही है। वैसे सचिन पायलट को भी स्टीयरिंग कमेटी में जगह नहीं मिली है। लेकिन दोनों में बहुत अंतर है। शशि थरूर उम्र में, अनुभव में और सबसे आगे बढ़ कर संसदीय राजनीति में सचिन से बहुत सीनियर हैं। पहले से ही मुख्यधारा की राजनीति में वापसी की जद्दोजहद में जुटी देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी में एक काबिल और पढ़े-लिखे नेता की यह उपेक्षा उसके लिए महंगी पड़ सकती है, क्योंकि थरूर का तेजी से पार्टी से मोहभंग हो रहा है। कांग्रेस में शशि थरूर की उपेक्षा और इसके संभावित परिणाम का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

इसलिए बड़ी तेजी से पार्टी नेतृत्व से मोहभंग हो रहा है

तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने कांग्रेस अध्यक्ष पद चुनाव में मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने एक हजार से ज्यादा वोट हासिल कर लोगों को चौंकाया था। आम तौर पर कांग्रेस जैसी पार्टी के अंदर, इतने बड़े पद का चुनाव लड़ने वाले नेता को किसी दूसरे पद के साथ समायोजित किया जाता रहा है। शशि थरूर तो मल्लिकार्जुन खड़गे को जीत की बधाई देने उनके घर सबसे पहले पहुंचने वालों में थे। उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे की जीत को पार्टी की जीत भी बताया था। लेकिन पार्टी के अंदर और बाहर लोगों को तब बड़ा अचरज हुआ, जब ना तो थरूर को कांग्रेस की स्टीयरिंग कमेटी में शामिल किया गया और ना ही गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनाव के स्टार प्रचारकों की सूची में उन्हें जगह मिली। इतना ही नहीं, केरल में भी उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। दरअसल, युवा कांग्रेस ने शशि थरूर को कोझिकोड में आयोजित समारोह में ह्यसंघ परिवार और धर्मनिरपेक्षता की चुनौतियांह्न पर बोलने के लिए आमंत्रित किया था। लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के दबाव में युवा कांग्रेस के नेताओं ने कार्यक्रम रद्द कर दिया। इतना ही नहीं, उन पर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों में शामिल नहीं होने और गुटबाजी में शामिल होने का आरोप भी लगा है।

शशि थरूर भारतीय राजनीति में ऐसी गिनी-चुनी शख्सियतों में से एक हैं, जिनका सम्मान पार्टी लाइन से ऊपर उठ कर किया जाता है। वह भारत के वर्तमान सक्रिय राजनेताओं में शायद सबसे अधिक पढ़े-लिखे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजनयिक रहे शशि थरूर ने जब सक्रिय राजनीति में इंट्री ली थी, तब कहा गया था कि वह कांग्रेस के चोटी के नेता हैं। लेकिन हाल के दिनों में कांग्रेस के भीतर उनकी कई बार उपेक्षा हुई है। ऐसा लगता है कि दिल्ली में उपेक्षित महसूस होने के बाद उन्होंने अपनी किस्मत केरल में आजमाने की सोची, लेकिन केरल कांग्रेस के नेता उन्हें राज्य में भी नहीं देखना चाहते। लेकिन राज्य के लोग उन्हें कांग्रेस के वैकल्पिक चेहरे के तौर पर देख रहे हैं। कुछ लोग तो चार साल दूर विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें मुख्यमंत्री के तौर पर भी देख रहे हैं। राज्य के कई नेताओं ने उनकी शिकायत पार्टी के आलाकमान और राज्य के प्रभारी तारिक अनवर से भी की है। इसलिए अनवर को कहना पड़ा कि कोई भी पार्टी से ऊपर नहीं है। थरूर ही नहीं, सभी पार्टी नेताओं को प्रदेश कांग्रेस समिति के निदेर्शों को मानना होगा। केरल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के सुधाकरन और नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीशन भी थरूर पर निशाना साध चुके हैं।

थरूर से क्या है समस्या?

दरअसल शशि थरूर को हाशिये पर डालने की कोशिश कांग्रेस के अंदर का सत्ता संघर्ष है। यह वैसा मामला नहीं है कि इसे कांग्रेस नेतृत्व से मान्यता की जरूरत पड़े, राजनीतिक तौर पर पार्टी के अंदर थरूर को लोकप्रियता के पैमाने पर चुनौती देने वाला कोई नेता मौजूद नहीं है। इसलिए उन्हें जानबूझ कर बार-बार उपेक्षित किया जा रहा है।

कांग्रेस का बड़ा वर्ग मानता है कि केरल में शशि थरूर की छवि साफ-सुथरे नेता की है। उनमें तटस्थ मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने की क्षमता है। वह भाजपा को वोट देनेवाले लोगों में भी पैठ बना सकते हैं। इतना ही नहीं, उन्हें सवर्णों का वोट भी मिल सकता है, जो लंबे समय से वाम मोर्चा के साथ हैं। दूसरे समुदाय भी थरूर का सम्मान करते हैं। इसलिए कांग्रेस एक झटके में उनसे किनारा करने का जोखिम नहीं उठा सकती। थरूर ने पिछले दिनों उत्तरी केरल की यात्रा की थी। राज्य के इस इलाके में मुस्लिमों की बड़ी आबादी है। इस दौरान थरूर को भारी समर्थन हासिल हुआ था। इससे भी उनके विरोधियों की संख्या बढ़ गयी। ऐसे में अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या थरूर को, उसी तरह से साइडलाइन किया जा रहा है, जैसे कि राजस्थान में सचिन पायलट को किया गया। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि थरूर को पायलट की तरह साइडलाइन किया जा रहा है। ऐसा शायद इसलिए हो रहा है, क्योंकि थरूर ने पार्टी हाइकमान की राय के विपरीत उसके प्रत्याशी मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ अध्यक्ष चुनाव में न केवल अपनी दावेदारी पेश की, बल्कि एक हजार से अधिक वोट भी हासिल कर लिये। जानकार बताते हैं कि कांग्रेस में थरूर के कद का कोई दूसरा नेता नहीं है। इसलिए उसे पता ही नहीं चल रहा है कि उनके साथ क्या किया जाये। इसके अलावा स्थिति को संभालने के लिए कांग्रेस के पास कोई आइडिया नहीं है। पार्टी नेतृत्व को पता है कि थरूर कोई सचिन पायलट की तरह नहीं हैं। थरूर का व्यक्तित्व बड़ा भी है और करिश्माई भी है। यह बात कांग्रेस के कुछ नेता भी मानते हैं। वे कहते हैं कि सबको उम्मीद थी कि पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में आखिरी समय में थरूर हट जायेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और सबको चौंकाते हुए उन्होंने 1076 वोट हासिल किये, जबकि लोगों को उम्मीद थी कि वे ज्यादा से ज्यादा दो सौ से तीन सौ वोट हासिल कर पायेंगे। यानी थरूर के मामले में यह कहा जा सकता है, पिक्चर अभी बाकी है।

विडंबना : रिम्स पीडियाट्रिक आइसीयू में शव के साथ बच्चे का हो रहा था इलाज

व्यवस्था की भेंट चढ़ गया मासूम, डायलिसिस के लिए ले जाते समय लिफ्ट में हो गयी मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हाइकोर्ट की कड़ी फटकार, अपर निदेशक (प्रशासन) के निरीक्षण के बावजूद रिम्स की व्यवस्था नहीं सुधार रही है। चार घंटे से एक ही बेड में शव और मरीज था। मीडिया को जानकारी मिलते ही आनन-फानन में शव को बेड से हटाया गया। शव को ले जाने के लिए रिम्स प्रबंधन के तरफ से ट्रॉली तक नहीं दिया गया। मृतक आदित्य के चाचा ने कहा कि शव को गोद में लेकर एंबुलेंस तक गये हैं। शव गया के विष्णुपद मंदिर का रहने वाला 12 वर्षीय आदित्य का है। जो अस्पताल की कुव्यवस्था की भेंट चढ़ गया।

मृतक के चाचा रिंटू पटेल ने कहा कि बच्चे को किडनी की समस्या थी। शनिवार की सुबह 4:00 बजे इलाज के लिए रिम्स लाया था। डॉक्टरों ने कहा कि यहां डायलिसिस होने में काफी वक्त लगेगा। जान बचाने के लिए प्राइवेट अस्पताल ले जाइये। ऐसे में रिंटू ने बच्चे को प्राइवेट हॉस्पिटल में डायलिसिस के लिए ले जाने का निर्णय लिया।

लिफ्ट के अटकने से हो गयी मौत

रिम्स के सभी लिफ्ट का मेंटेनेंस भगवान भरोसे है। डायलिसिस के लिए आदित्य को स्ट्रेचर के माध्यम से लिफ्ट में ले जाया गया। इसी बीच ग्राउंड फ्लोर पर आते ही लिफ्ट झटका खाकर अटक गया और आदित्य की मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि नीचे आते ही लिफ्ट से जोरदार आवाज आयी और संभवतः इसी वजह से बच्चे की मौत हुई है।

डेंगू पीड़ित बच्चे का शव के साथ चल रहा है इलाज

वहीं जिसे बेड पर आदित्य का शव रखा हुआ था, उसी बेड पर गढ़वा के मझीआंव से आये साढ़े चार साल के बच्चे का भी इलाज चल रहा था। बच्चे की मां ने कहा कि डेंगू होने के बाद उसका प्लेटलेट्स 22 हजार पहुंच गया है। इलाज के लिए रिम्स लेकर आयी हूं। गरीबी ने यहां तक पहुंचा दिया है। विडंबना ऐसी है कि शव के साथ मेरे बच्चे का इलाज किया जा रहा है। किसी के मासूम की मौत का दर्द मुझे भी हो रहा है और शव के साथ अपने बच्चे का इलाज होता देख डर भी लग रहा है।

छह साल से नहीं हुई जेटेट की परीक्षा, हाइकोर्ट में याचिका दायर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) 6 साल से नहीं कराने के विरुद्ध झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। रिट याचिका में झारखंड सरकार की तरफ से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों और गाइडलाइन का पालन नहीं करने की बात कही गयी है। याचिका में कहा गया है कि राज्य में छह साल से शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं हुई है और सरकार 50 हजार शिक्षकों की बहाली करने की तैयारी कर रही है।

आरक्षण रोस्टर भी मुख्यालय में मंगाया गया

सभी जिलों से इसको लेकर आरक्षण रोस्टर भी मुख्यालय में मंगाया गया है। जेटेट की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद ही अभ्यर्थी पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा के लिए शिक्षक बन सकेंगे। शिक्षक नियुक्ति मामले में इसे एक योग्यता के रूप में रखा गया है, सरकार की तरफ से कहा गया है कि जेटेट उत्तीर्ण व्यक्ति ही शिक्षक बन सकते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा है कि छह वर्षों से परीक्षा नहीं होने की वजह से कई योग्य छात्र शिक्षक नहीं बन सकते हैं।

14 साल के बच्चे ने घर में लगा ली फांसी

आजाद सिपाही संवाददाता

वीडियो गेम में हारा तो कर ली आत्महत्या

चक्रधरपुर। 14 साल का बच्चा वीडियो में हुई हार सहन नहीं कर सका और उसने आत्महत्या कर ली। घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर की है। बच्चे की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं। क्षेत्र के पंच मोड स्थित रेलवे कॉलोनी में रहने वाले एस श्रीधर के पुत्र एम शिवेन ऑन लाइन वीडियो गेम खेलता था। कुछ दिनों से शिवेन की तबीयत खराब थी और वह स्कूल नहीं जा रहा था। परिजनों के अनुसार वह ऑन लाइन वीडियो गेम में ज्यादा वक्त देता था। इस बार उसे खेल में हार का सामना करना पड़ा। शिवेन इस हार को सहन नहीं कर सका और उसने आत्महत्या कर ली। अपने ही रेलवे क्वार्टर में फांसी का फंदा बना कर झूल गया।

जानकारी के मुताबिक शिवेन को ऑनलाइन गेम की लत हो गयी थी। वह कई बार खेलते वक्त जोर-जोर से अपनी भावनाएं व्यक्त करता था। पिता एस श्रीधर चक्रधरपुर रेलवे में कार्यरत हैं। आरपीएफ के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के वह स्टेनो हैं। घटना के वक्त वह ड्यूटी में थे। उसकी मां डीपीएस स्कूल में शिक्षिका है, वह भी स्कूल गयी हुई थीं। पुत्र एम शिवेन भी डीपीएस स्कूल में वर्ग 8 में पढ़ता था। दो भाइयों में वह छोटा है। परिवार वालों को कहना है कि वह हमेशा ऑनलाइन गेम खेलता था। परिवार के लोग उसे समझाते भी थे, लेकिन वह इतना बड़ा कदम उठायेगा, किसी ने सोचा भी नहीं था। घटना के बाद बच्चे करीब दो बजे रेलवे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में मातम है। आरपीएफ के कई अधिकारी और डीपीएस के कई शिक्षक भी अस्पताल पहुंचे थे।

गोड्डा के पूर्व विधायक रजनीश आनंद का निधन, शोक की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गोड्डा के पूर्व विधायक रजनीश आनंद का निधन हो गया है। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर राजनीतिक जगत में शोक की लहर है। लोगों ने भी निधन पर शोक जताया है। गोड्डा के बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे, गोड्डा विधायक अमित मंडल, महगामा की विधायक और कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव दीपिका पांडेय सिंह समेत अन्य ने भी पूर्व विधायक के निधन पर शोक जताया है। इसे झारखंड के लिए विशेषकर संथाल परगना के लिए बड़ी क्षति बताया है। सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया के जरिये अपनी संवेदना साझा करते हुए कहा है कि गोड्डा के पूर्व विधायक रजनीश आनंद के निधन की खबर सुनकर वह बेहद दुखी हैं। रजनीश आनंद काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। बाबा से उनके आत्मा की शांति

फाइल फोटो।

की प्रार्थना करता हूं। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि गोड्डा के पूर्व विधायक रजनीश आनंद भैया जी का निधन दुःखद है, ये मेरे लिये निजी क्षति है। उनके जाने से सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर से प्रार्थना है वे इस कठिन घड़ी में शोकाकुल परिजनों को संबल दें एवं दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। विधायक अमित मंडल ने कहा है कि रजनीश आनंद के आकस्मिक निधन की सूचना प्राप्त हुई है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से ऊपर उठकर पारिवारिक रिश्ता निभाने के लिए उनको सदैव याद किया जायेगा।

पहल : रांची में ट्रैफिक पुलिस का बड़ा कदम

ट्रैफिक नियम तोड़ा तो अब ऑन द स्पॉट भरें चालान

अब पेमेंट ऐप से तुरंत भर सकेंगे चालान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची अब आप तुरंत ऑन द स्पॉट ट्रैफिक चालान भर सकेंगे। क्यूआर कोड और एटीएम कार्ड से अब किसी भी चौक पर ऑन स्पॉट ट्रैफिक चालान का जुमार्ना भर सकते हैं। रांची के सभी चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को पोस मशीन होगी। अगर आप कोई नियम तोड़ते हैं तो तुरंत चालान भर सकेंगे।

मशीन में क्यूआर कोड होगा जिसमें आप ऑनलाइन तुरंत अपने पेमंट ऐप से चालन भर सकेंगे। झारखंड सरकार के परिवहन विभाग का पैसा सीधे एचडीएफसी बैंक के अकाउंट में जमा होगा। ट्रैफिक चालान की सारी रकम भी एचडीएफसी बैंक में जमा होती है। बैंक द्वारा ही ट्रैफिक पुलिस के लिए क्यूआर कोड तैयार किया जायेगा।

ट्रैफिक पुलिस द्वारा काटा गया जुमार्ना ऑन स्पॉट के अलावा ट्रैफिक ऑफिस, ट्रैफिक थाना गोंदा, जगन्नाथपुर, लालपुर व चुटिया थाना में भी जमा किया जा सकता है। रेड लाइन जंप का जुमार्ना कैश ही भरना होगा कचहरी ट्रैफिक ऑफिस काउंटर में होगा जमा रेड लाइट जंप का चालान घर पर आता है।

मध्याह्न भोजन में सड़ा अंडा देने की खबर पर जांच को पहुंचे डीएसइ

आजाद सिपाही संवाददाता

केरेडारी। प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय में मध्याह्न भोजन में छात्रों को सड़ा हुआ अंडा मिलने की खबर शनिवार प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष कुमार गुप्ता शनिवार को ही केरेडारी पहुंचे। उन्होंने मध्याह्न भोजन सहित विद्यालय का मुआयना किया। साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से मामले के विषय में पूछताछ की। विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों व विद्यालय प्रबंधन समिति से भी मामले की विस्तृत जानकारी ली है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	24.9 ℃	12.0 ℃
सूर्यास्त (आज)	:	17.02 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.10 बजे

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 27 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com

सरकार के तीन वर्ष पूरा होने पर राहत देने की तैयारी

सुखाड़ प्रभावित किसानों को जल्द मिलेगा मुआवजा

कृषि मंत्री ने कहा प्रति किसान 3500 रुपये दिये जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार अपने कार्यकाल का तीन वर्ष दिसंबर में पूरा करने वाली है। इस मौके पर सुखाड़ प्रभावित किसानों को राहत देने की विशेष पहल होगी। कृषि मंत्री बादल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सुखाड़ राहत, ऋण माफी और अन्य विषयों को लेकर जिलों के डीसी और अन्य अधिकारियों संग वीडियो कान्फ्रेंसिंग की गयी है। इस दौरान 22 जिलों के 226 प्रखंडों में सुखाड़ की विकट स्थिति को देखते किसानों को मदद पहुंचाने पर चर्चा हुई। सरकार की ओर से भुक्तभोगी किसानों को एक राशन कार्ड पर 3500 रुपये प्रति व्यक्ति दिये जायेंगे। इसके लिए निकटवर्ती प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से 1 रुपये टोकन के साथ किसान आवेदन करेंगे। इसके अलावा कोई शुल्क उनसे नहीं लिया जायेगा। जहां सुखाड़ नहीं है, फसल राहत स्कीम के जरिये किसानों को मदद देनी है। फसल राहत के लिए बंद पड़े पोर्टल को चालू कर दिया जायेगा। इस दौरान कृषि निदेशक निशा उरांव, पशुपालन निदेशक

शशि प्रकाश झा सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

केंद्र से भी अधियाचना

बादल ने बताया कि राज्य में सुखाड़ की स्थिति के आधार पर किसानों की मदद के लिए केंद्र के पास भी अधियाचना भेजी गयी है। अलग-अलग कार्यों, जरूरतों के आधार पर 9139 करोड़ 80 लाख रुपये की मदद उपलब्ध कराये जाने की मांग की गयी है। केंद्र की टीम जल्द ही राज्य आकर अलग अलग जगहों का दौरा करेगी। उनसे एनडीआरएफ के प्रावधानों के आधार पर राज्य के लिए मदद मांगी जायेगी। अब केंद्र झारखंड की अधियाचना पर क्या फैसला लेता है, देखने की बात है।

लोन माफी के लिए 4 लाख किसान रजिस्टर्ड

कृषि विभाग के पास अब तक उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 9 लाख किसानों में से 4 लाख किसानों का आवेदन केवाइसी के साथ प्राप्त हुआ है। लगभग 2 लाख का ई केवाइसी नहीं हो सका है। ऐसे में डीसी से कहा गया है कि जिनका आवेदन खारिज हुआ है, उन्हें कारण के साथ सूचना दें। जिनके आवेदन ई केवाइसी के योग्य हों, उस पर यथाशीघ्र कार्रवाई हो। सरकार के पास बजट के पैसे रखे हैं। लोन माफी का लाभ अधिक से अधिक किसानों को दिलाना है। पिछले दिनों सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिलों, प्रखंडों में कैंप लगाये गये थे। इसमें 18 जिलों से 34 हजार आवेदन सीएम पशुधन स्कीम के लिए आये। 10 दिसंबर तक इसका निष्पादन करने का लक्ष्य है। सीएम पशुधन में सब्सिडी को अब 75 फीसदी तक बढ़ाया गया है। एकल, विधवा महिलाओं और दिव्यांगों को इसमें 90 फीसदी से अधिक सब्सिडी मिलेगी।

स्मार्ट विलेज के लिए जनप्रतिनिधि करें सहयोग

बादल ने सभी जनप्रतिनिधियों और जिलों से 100 स्मार्ट विलेज के निर्माण में सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में सांसदों, विधायकों से स्मार्ट विलेज के चयन के लिए अनुशंसा मांगी गयी थी। अब तत 39 गांवों के लिए ही अनुशंसा मिल सकी है। 15 दिसंबर तक अगर अनुशंसा बाकी विलेज के लिए नहीं मिली तो विभाग अपने स्तर से ही विलेज चयनित कर लेगा। कृषि विभाग की सभी तरह की योजनाओं, कार्यक्रमों का जमीनी फलाफल स्मार्ट विलेज में दिखेगा। दूसरे गांव भी इससे प्रोत्साहित होंगे।

मार्केटिंग बोर्ड को प्रभावी बनाने के सवाल पर बादल ने कहा कि पूर्व में राजभवन से कुछ आपत्तियों के साथ प्रस्ताव लौटाये गये थे। इसका निराकरण हो चुका है। जल्द ही कैबिनेट से सहमति के बाद फिर से राजभवन को भेजा जायेगा।

झारखंड में रहने वाली जातियों पर शोध करायेगी हेमंत सरकार

आजाद सिपाही संवाददात

रांची। झारखंड में रहने वाली विभिन्न जातियों पर सरकार अब शोध करायेगी। इसके लिए डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान ने पहल की है। बैरागी, पारधी के अलावा लोधा, लोधी जातियों पर शोध कराने को संस्थान की ओर से टेंडर भी जारी कर दिया गया है। इस काम में संस्थानों के अलावा महाविद्यालय, एनजीओ से भी आवेदन मांगा गया है। उनसे तकनीकी एवं वित्तीय बिड 19 दिसंबर तक जमा करने को कहा

गया है। उल्लेखनीय है कि बैरागी सहित अन्य चिन्हित जातियों के शोध के संबंध में एसटी, एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने शोध कराने का फैसला इसी वर्ष जुलाई में लिया था। इससे पूर्व केंद्र सरकार (राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, भारत सरकार) ने भी इस संबंध में निर्देश दिया था। इसी के आलोक में रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान को यह जिम्मेदारी दी गयी है।

शोध संस्थान के निदेशक के स्तर से जारी सूचना के मुताबिक बैरागी, पारधी एवं लोधा जातियों पर शोध के लिए मोराबादी स्थित कार्यालय में 19 दिसंबर तक आवेदन जमा करने होंगे।

कल्याण विभाग की केंद्रीय टीम का रांची दौरा आज

पेंशनभोगियों के लिए आयोजित हो रहा कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पेंशन और पेशनभोगी कल्याण विभाग केंद्र सरकार की एक टीम रविवार को रांची पहुंचेगी। इस दौरे के दौरान भारतीय स्टेट बैंक, रांची मुख्य शाखा, कोर्ट कंपाउंड में केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए एक अभियान आयोजित किया जायेगा। जहां सुबह 10 बजे से सभी पेंशनभोगी डिजिटल माध्यम से अपने जीवन प्रमाण पत्र केंद्र पर जाकर जमा करा सकेंगे। दरअसल, केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने शुरू किया है। इसे राज्य मंत्री

डॉ जितेंद्र सिंह ने नवंबर 2021 में एंड्रॉइड मोबाइल फोन के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक शुरू की थी। हालांकि, पहले पेंशनभोगी अपना जीवन प्रमाण पत्र भौतिक रूप में जमा करते थे। जिसके कारण पुराने पेंशनभोगियों को बैंकों के बाहर घंटों इंतेजार करना पड़ता था। लेकिन, अब डिजिटल होने से पेंशनभोगियों को कतार में लगकर इंतजार नहीं करना पड़ रहा है।

डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा

डिजिटल मोड के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र को बढ़ावा देने और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को लोकप्रिय बनाने के लिए विभाग एक विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू कर रहा है। इसी को लेकर सभी पंजीकृत पेंशनभोगी संघों, पेंशन संवितरण बैंकों, भारत सरकार के मंत्रालयों और सीजीएचएस वेलनेस सेंटरों को निर्देश दिया गया है कि वे पेंशनभोगियों के इज ऑफ लिविंग के लिए विशेष कैंप आयोजित करें।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष कठिन परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा।

वृष नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

मिथुन आजीविका की स्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण मिलेंगे।

कर्क धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

सिंह क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें।

कन्या नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

तुला परिवार में संतान का विवाह मांगलिक कार्य संपन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

वृश्चिक संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

धनु इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,विरोधियों पर विजय।

मकर आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

कुंभ दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

मीन आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, रोजी-रोजगार में उन्नति होगी

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान एवं लोकतंत्र की जननी है: कुलपति डॉ अजीत कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर 'भारत-लोकतंत्र की जननी' विषय पर संगोष्ठी एवं संविधान की प्रस्तावना शपथ कार्यक्रम आरयू के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान एवं लोकतंत्र की जननी है। मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ एसपी सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना, भारतीय संविधान की व्याख्या है। संचालन एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने किया। संगोष्ठी को आरयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, अनुभव चक्रवर्ती, मो अदनान सामी, दिवाकर आनंद, आकाश कुमार ने संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिवाकर, अमन, आस्था, पूनम, दीक्षा, नैंसी, रिकेश, सौरभ , सुरभि, रोहित, मेराज, अनिल, उज्ज्वल, अंकित, दीपक, पुरषोत्तम आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

रांची विवि आइएलएस में मना संविधान दिवस

रांची (आजाद सिपाही)। नेहरू युवा केंद्र, रांची (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार), एवं इंस्टीच्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय द्वारा 26 नवंबर को आइएलएस सभागार में संविधान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत सारे विश्व में लोकतंत्र की जननी है और विश्व में सिर्फ हमारे संविधान और लोकतंत्र में ही मौलिक आठ गुण अभिव्यक्ति, धर्मनिरपेक्षता, धर्म को राष्ट्र से अलग रखना, जनतांत्रिक स्वरूप, समता का अधिकार, दैहिक अधिकार शामिल हैं। नेहरू युवा केंद्र की राज्य निदेशक हनी सिंह ने कहा कि आज यह दिवस मनाने का एक उद्देश्य यह भी है कि हमारे युवा इस दिवस के महत्व को जानें। निदेशक डॉ विजय सिंह ने कहा कि आजादी के बाद जब हमारा देश अस्त व्यस्त था उस समय एक सफल संविधान का त्वरित निर्माण और उसके माध्यम से देश को एक सुत्र में बांधना हमारे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। आइएमएस के निदेशक डॉ वीएस तिवारी ने कहा कि हमारा संविधान सबों को अपनी धार्मिक स्वतंत्रता के साथ जीने का अधिकार देता है। स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक डॉ बीपी सिन्हा ने कहा कि यह बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की ही देन है कि ऐसा निर्माण किया जिसमें देश के प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार मिले। कार्यक्रम के दूसरे सेशन में छात्रों के बीच क्विज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रमका संचालन डॉ हैप्पी भाटिया एवं धन्यवाद ज्ञापन रिमझिम वैष्णवी ने किया।

सरकार के संरक्षण में गरीबों के मुंह से छीना जा रहा निवाला : सीपी सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि राज्य में हेमंत सरकार के संरक्षण में गरीबों के मुंह से निवाला छीना जा रहा है, वहीं झामुमो-कांग्रेस और राजद मूकदर्शक बनी हुई है। राज्य में केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को निःशुल्क दी जाने वाली अनाज की कालाबाजारी जोर-शोर से चल रही है। अधिकारियों और ट्रांसपोर्टरों की मिलीभगत से यह सब हो रहा है। राज्य सरकार इस मामले को लेकर जरा भी गंभीर है, तो सीबीआइ से मामले की जांच कराये और दोषियों पर सख्त कारवाई कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजे। उन्होंने कहा कि जनता को दिग्भ्रमित करने व दिखावे के लिए छोटे-मोटे अपराधियों के खिलाफ जांच और कार्रवाई से कुछ नहीं होगा। हेमंत सोरेन को गरीबों के हक के अनाज के एक-एक दाने का हिसाब चुकाना होगा।

रामलखन सिंह यादव कॉलेज का स्वर्ण जयंती समारोह मना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शनिवार को राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय रांची स्वर्ण जयंती समारोह का समापन हुआ। अतिथियों का स्वागत डॉ खालिक अहमद ने किया। प्राचार्य डॉ जेपी सिंह का संदेश डॉ शशि शेखर ने पढ़कर सुनाया। अतिथि के रूप में डॉ आशीष कुमार झा परीक्षा नियंत्रक रांची विश्वविद्यालय ने कहा कि यह महाविद्यालय बहुत कम समय में आज इस मुकाम पर आया है कि यहां के शिक्षा एवं छात्रों में बहुत सामंजस्य से सभी काम सुचारू रूप से होते हैं। राजकुमार शर्मा, बीएसडब्ल्यू रांची विश्वविद्यालय ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी शिक्षकों को प्रयास करना ही प्रथम कर्तव्य शिक्षकों का होगा। एफए

देवाशीष ने कहा कॉलेज को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, यह प्रशंसनीय है। लोक गायक पद्मश्री मधु मंसूरी ने नशा मुक्ति का संदेश दिया। एलुमिनायी के रूप में उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, एंटी करप्शन के चंद्रमणि भारती, अर्जुन यादव, मीना अग्रवाल आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ स्मिता किरण टोप्पो एवं डॉ सुबोध कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन नीतु कुमारी ने किया। मुख्य रूप से डॉ मृदुला प्रसाद, डॉ रीता कुमारी, डॉ अशुतोष, डॉ विजय, कांति कुमारी डॉ नैंसी तिर्की, डॉ मनीष, कामिल धान, डॉ पार्वती तिर्की, शिखा सिंह, डॉ अजीत मुंडा, छाया रानी, डॉ पारूल, सुनील कुमार, पप्पू आदि उपस्थित थे।

स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन में मना संविधान दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन विभाग में संविधान दिवस मनाया गया। विभाग के निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा ने विभाग के शिक्षकों एवं कर्मियों को इस दिवस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं और सबों को संविधान दिवस की शपथ दिलायी। इस अवसर पर शिक्षक संतोष उरांव, मनोज कुमार शर्मा,

पूर्णेंदू शेखर तिवारी, डहरू टोप्पो, रेखा बाखला व अन्य उपस्थित थे।

हमारी सुनो : राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने निकाला आक्रोश मार्च

ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण तत्काल लागू करें : राजेश गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ट्रीपल टेस्ट के बुनियाद पर ओबीसी का इम्पीरीकल डाटा तैयार करने के लिए सरकार फैसला करे एवं विधानसभा में पारित ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण तत्काल लागू करें। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने संविधान दिवस पर आयोजित आक्रोश मार्च में सभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ओबीसी स्थानीय निकायों में आरक्षण का कोटा सुनिश्चित किये बिना पंचायत चुनाव करा लिया गया है, जबकि अन्य राज्यों में उसी समय ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई कर ओबीसी वर्ग

को पंचायत में आरक्षण सुनिश्चित किया गया। दूसरी तरफ ओबीसी का सरकारी पदों में व शिक्षा का आरक्षण 14 परसेंट से बढ़ा कर 27 परसेंट तो किया गया, परंतु उसे बिना लागू किये केंद्र सरकार के पास 9वीं अनुसूची में डालने की अनुशंसा कर दी गयी, यानी ओबीसी का यह आरक्षण केंद्रीय सरकार के निर्णय पर लंबित रहेगा? इससे ओबीसी वर्ग को तत्काल आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

झारखंड आंदोलनकारी आजम अहमद ने कहा कि झारखंड में भी ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने कई बार आंदोलन के माध्यम से मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा था, जिस पर राज्य सरकार द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी। वहीं सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा एवं प्रदेश सचिव अजय मेहता ने संयुक्त रूप से कहा कि पंचायत चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी ओबीसी आरक्षण हेतु ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई करने से संबंधित ज्ञापन सरकार को सौंपा गया था, बावजूद कोई पहल नहीं हुई। प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर ने कहा कि आसन्न नगर निकाय चुनाव 2022 में भी चुनाव आयोग द्वारा निकाले गये आरक्षण की अधिसूचना में ओबीसी वर्ग को विलोपित कर दिया गया। जबकि मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र की राज्य सरकार द्वारा ट्रिपल टेस्ट के माध्यम से ओबीसी वर्ग का डाटा इकट्ठा कर कोटा सुनिश्चित कर चुनाव कराया गया। वहीं झारखंड में ट्रिपल टेस्ट की कार्रवाई पर कोई सरकारी पहल नहीं की गयी है।

आक्रोश मार्च निकालने से पूर्व भारत के संविधान का प्रस्तावना पाठ जयराम ठाकुर द्वारा पढ़ा गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से उनके कार्यालय में 2 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। आक्रोश मार्च में मुख्य रूप से इस्त्राइल खालिद, अखिलेश कुमार, खुसीयाल साहू, दिनेश कुमार, सुनील साहू, संजय साहू, अभय प्रसाद, मनीष, रीता देवी, मालती देवी, पनीप ठाकुर सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

28 को केबीसी की हॉट सीट पर नजर आयेंगी झारखंड की मेघा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। देश के हर युवा का सपना होता है कि वो एक बार केबीसी में जायें, बिग बी अमिताभ बच्चन के सामने बैठे। लेकिन कुछ लोग ही मेहनत के दम पर अपने सपने को सच कर पाते हैं। इस सपने को मधुपुर की मेघा बथवाल ने सच कर दिखाया है। 28 नवंबर को मेघा केबीसी की हॉट सीट पर नजर आयेंगी। मेघा ने केबीसी के हॉट सीट पर पहुंचने से सिर्फ मधुपुर ही नहीं बल्कि पूरा राज्य गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वहीं उनके परिजनों में खुशी की लहर है। मेघा के रिश्तेदार महेश बथवाल ने बताया कि केबीसी की हॉट सीट पर पहुंचने के लिए मेघा को चार चरणों से गुजरना पड़ा। केबीसी के लिए रजिस्ट्रेशन, स्क्रीनिंग, ऑडिशन और इंटरव्यू में सफलतापूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना होता है।

मेघा मधुपुर के सीताराम डालमिया रोड निवासी गोविंद बथवाल की पुत्री है। वर्तमान में मेघा बेंगलुरु के एक निजी कंपनी में काम करती हैं। उन्होंने एमबीए की डिग्री ली है। मेघा तीन बहनें हैं। उनकी बड़ी बेटी नेहा बथवाल और छोटी बेटी कीर्ति बथवाल सीए हैं। वहीं, मेघा बथवाल ने बिजनेस प्रबंधन का क्षेत्र कैरियर के रूप में चुना।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 27 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
04

बरकट्ठा प्रभारी अंचलाधिकारी ने नोटिस जारी किया

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के गेट के बगल अपने जीवकोपार्जन के लिए में चला रहे होटल, सैलून समेत एक दर्जन लोगों को अतिक्रमण हटाने को लेकर बरकट्ठा प्रभारी अंचलाधिकारी कृति बाला लकड़ा ने नोटिस जारी किया। इसकी सूचना मिलने पर शनिवार के सुबह पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने प्रभावित गरीब, असहाय परिवारों से मुलाकात की। प्रभावित परिवारों ने पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को बताया कि हम लोगों का भरन पोषण करने का एक मात्र यही साधन है। हमलोग कई वर्षों से यहां होटल, ठेला, सैलून लगा कर अपना और अपने परिजनों का भरन पोषण करने का काम करते हैं। मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने ठेला और घुमटी से आय कर अपने घर परिवार का भरण पोषण कर रहे लोगों के समर्थन में उतरे और उन्होंने कहा कि इन लोगों ने कई वर्षो से दुकान कर अपनी परिजनों का भरण पोषण करते आ रहे हैं। इनलोगों को अंचलाधिकारी ने नोटिस दिया है वह गलत है। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि इन ठेला, गुमटी के मालिकों को बहुत जल्द न्याय दिलाऊंगा। वहीं इसकी जानकारी को लेकर प्रभारी अंचलाधिकारी को फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। मौके पर पूर्व मुखिया बसंत साव, सुशील पांडेय, रामेश्वर यादव, रूपलाल यादव, छोटी यादव, दिपक सोनी, बब्लू मंडल, बासो यादव, त्रिभुवन प्रसाद, सरयु यादव, राजू यादव, अशोक गुप्ता समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

एनटीपीसी में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

केरेडारी (आजाद सिपाही)। भारत के संविधान को अपनाने की स्मृति में शनिवार को एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के सिकरी स्थित कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। इस समारोह की शुरूआत प्रस्तावना वाचन से हुई। सत्र में एनटीपीसी के सभी कर्मचारियों के साथ सहयोगी कर्मचारियों ने भी भाग लिया। प्रस्तावना कर्मचारियों को ऐ.के नायक, अपर-महाप्रबंधक नें भारतीय संविधान के प्रस्तावना को पढ़ा। सत्र के दौरान कर्मचारियों ने डा राजेंद्र प्रसाद और बाबा भीम राव अंबेडकर जैसे राष्ट्रीय नेताओं के योगदान को याद किया। इस सत्र का मकसद हमारे संविधान में विश्वास की पुष्टि करना और भारत की संप्रभुता को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने की हमारी शपथ को फिर से निर्धारित करना था।

शिक्षक कवि सुशांत पाठक अयोध्या में साहित्योदय काव्य रत्न से सम्मानित

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री राम लला अंतरर्राष्ट्रीय साहित्योत्सव जन रामायण का विमोचन एवं काव्यार्चन अयोध्या में हुआ इसमें 200 से अधिक साहित्यकार, साहित्य प्रेमी शामिल थे। आयोजन में राम जन्मभूमि के उत्तराधिकारी संत शिरोमणि कमलनयन दास महाराज हनुमानगढ़ी के महंत राजीव दास और अयोध्या राज परिवार के यतींद्र मिश्र प्रबुद्ध साहित्यकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र की उपस्थिति में हुआ। संस्था के संस्थापक पंकज भूषण पाठक ने बताया इस मौके पर बिष्णुगढ़ के भुताही मुरगांव के लेखक और कवि सुशांत पाठक को साहित्योदय काव्य रत्न से सम्मानित किया गया।

बीएसएफ मैरू कैंप में संविधान दिवस का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय, दिल्ली के दिशा-निर्देशों के तहत पूरे देश में सीमा सुरक्षा बल के सभी इकाई में 'संविधान दिवस' का आयोजन कर समस्त सीमा प्रहरीयों को शपथ दिलायी गई। पीएस बैंस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय सीमा सुरक्षा बल मेरू कैम्प हजारीबाग द्वारा 8वें संविधान दिवस के अवसर पर सामरिक भवन में विशेष समारोह आयोजित कर सभी कार्मिको को शपथ दिलवायी। इस अवसर पर मेरू कैंप के सभी अधिकारी, प्रशिक्षु अधिकारी, अधिनस्थ अधिकरी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। महानिरीक्षक ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सभी कार्मिक को सुनाई एवं सभी कार्मिकों को शपथ दिलायी एवं अपने संबोधन में कहा कि संविधान के स्त्रोत 'हम भारत के लोग' यानि भारत की जनता वो शक्ति है जो संविधान को शक्ति प्रदान करती है साथ ही भारतीय संविधान की प्रस्तावना में संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक एवं गणराज्य ये पांच शब्द हमारे संविधान के स्वरूप को दर्शाते है एवं न्याय स्वतंत्रता, समता, व्यक्ति की गरिमा एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता इसके उद्देश्य को दर्शाते हैं।

एनटीपीसी ने स्कूली छात्राओं को जर्सी वितरित किया

केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के द्वारा केरेडारी प्रखंड के बसरिया गांव के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में छात्राओं को सर्दियों से बचाव के लिए जर्सी वितरित की गई। यह वितरण कार्यक्रम नैगम समाजिक दायित्व के तहत केरेडरी कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक फैज तैय्यब के मार्गदर्शन में किया गया है। वितरण के अवसर परियोजना के अपर महाप्रबंधक एसपी गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक आशुतोष कुमार और सह-प्रबंधक सांई राजा सहित कई लोग मौजूद थे।

छात्रों ने संविधान की रक्षा की शपथ ली

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। शहर के बिशुनपुर रोड स्थित हॉली चाइल्ड स्कूल में शनिवार को संविधान दिवस का बहुत उत्साह के साथ आयोजन किया गया। शिक्षकों के साथ साथ छात्रों ने एकत्रित होकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना को एक साथ दुहराया और संविधान की रक्षा की शपथ ली। प्राचार्या प्रियंका ओझा ने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को तैयार हुए हमारे संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। प्रियंका ने उपस्थित बच्चों को कहा कि हम सब को संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए उनके बताये हुए आदर्शों पर चलना चाहिए। मौके पर शिक्षक गोपाल जी पांडेय, आयुष चंद्रवंशी, मो.फैयाज, अभिजीत हालदार, शिक्षिका तासी चक्रवर्ती, सीमा सिंह, सुचित्रा देवी, पूर्णिमा सिंह, मुस्कान सिन्हा, मीनू कुमारी, हिरल पारीख, अनामिका कुमारी, शमीना प्रवीण, नेहा सिन्हा आदि मौजूद थे।

प्रोजेक्ट रेल के तहत हुआ साप्ताहिक टेस्ट

कोडरमा (आजाद सिपाही)। प्रोजेक्ट रेल के माध्यम से हाइ स्कूल व प्लस टू विद्यालयों के पश्चात अब प्राइमरी विद्यालयों में भी प्रोजेक्ट रेल के तहत साप्ताहिक टेस्ट लगातार लिया जा रहा है। आज इसी क्रम में प्रोजेक्ट रेल के तहत जिले के लगभग सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्र-छात्राओं का साप्ताहिक टेस्ट लिया गया। बच्चों का आज हिन्दी विषय का टेस्ट लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस साप्ताहिक टेस्ट में बच्चों ने बढ़-चढकर भाग लिया। विदित हो कि प्रश्नपत्र का पैटर्न स्कूल की वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया था।

जयनगर में आयुष मेले का उद्घाटन हुआ

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड आयुष मेले का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख अंजू देवी ने फीता काटकर किया। दो दिवसीय मेले का आयोजन में निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी गई। इस मेले में स्टॉल लगाकर मेले को सजाया गया। प्रमुख अंजू देवी ने लोगों से अपील की कि स्वास्थ्य संबंधी निशुल्क सेवा का लाभ उठायें। योग शिक्षकों के द्वारा योग सिखाने का एवं शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग अति आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रमुख अंजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सना उस्मानी, उप प्रमुख राज नारायण सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग के लोग उपस्थित थे।

चौपारण में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम राष्ट्र हित में: राजेश

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। चौपारण प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाते हुए भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तहत बिघा बाजार चतरा मोड़ विधायक आवास से मुख्य मार्ग होते हुए ब्लॉक मोड़ पहूंच कर जन सभा में तब्दील हो गई और नफरत छोड़ो भारत जोड़ो तथा वाह रे मोदी तेरा खेल 200 रूपए सरसो तेल के जोरदार नारे लगाये गये। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भारतीय संविधान का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय संविधान खतरे में है। इसे बचाना हम लोंगो की जिम्मेवारी है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के कुशल नेतृत्व में कन्याकुमारी से काश्मीर तक की 3,750 किलोमीटर की लम्बी राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम जारी है जो पूरी तरह से राष्ट्र हित में है। उसी तर्ज पर झारखंड प्रदेश के सभी 24 जिलों में प्रखंड, पंचायत से बूथ स्तर तक जारी रहेगा। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जब से मोदी सरकार आयी है तब से मंहगाई चरम पर, रसोई गैस सिलेंडर का मुल्य 400 रूपए से बढ़कर 1200 रूपए हो गए हैं और पेट्रोल डीजल का मुल्य 100 रूपए पार कर गई है। उसी तरह खाद्य सामग्री का मुल्य आसमान छू रही है। आम जनता को इस भीषण मंहगाई ने तो कमर ही तोड़ डाली है। भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के संयोजक सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि देश में नफरत का महौल बन गया है देश टूटने के कगार पर है। भाजपा की सरकार नफरत फैला कर सत्ता पर बना रहना चाहती है। बरही विधायक सह निवेदन समिति के प्रदेश सभापति उमाशंकर अकेला कहा कि देश में दिनों दिन बेरोजगारी का ग्राफ बढ़ रही है मोदी सरकार चुनाव के पूर्व कहा था कि साल में दो करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे पर कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क है रोजगार देने के बजाय रोजगार छिना जा रहा है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह कार्यक्रम के जिला प्रभारी जलेश्वर महतो ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा हमारे राष्ट्रीय नेत्री पूर्व अध्यक्षा सोनिया गांधी तथा राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को प्रताड़ित किया गया इसका जवाब आम चुनाव में भाजपा को जनता देगी। पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला के संयोजक मानस सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार ने किसान के तीन काला कानून पारित कर देश के 600 सौ किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया। 20 सूत्री कार्यक्रम के जिला उपाध्यक्ष जवाहरलाल सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार जीएसटी लगाकर छोटे व्यापारियों की जीना हो मुहाल कर दिया है। राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर पाठक नें कहा कि अग्नि वीर योजना लागू कर मोदी सरकार ने चार वर्षो की नौकरी देकर भारत के युवाओं को ठगने का काम किया है। कार्यक्रम का संचालन चौपारण प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन बरही प्रखंड के अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया।

मौके पर ये रहे उपस्थित

मौके पर कार्यकारिणी के सदस्य अदिब रिजवी प्रदेश प्रतिनिधि भीम कुमार, डॉ आरसी मेहता, विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, शैलेंद्र कुमार यादव, डॉ. प्रकाश कुमार, कुमारी बाखला, शारदा रंजन दुबे, डॉ. निजामुद्दीन अंसारी, तोखन रविदास उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान सुनिल अग्रवाल, बिनोद सिंह, संजय गुप्ता, बिनोद कुशवाहा, दिगम्बर मेहता, राजिव कुमार मेहता, गोविंद राम, लाल बिहारी सिंह मिथिलेश दुबे, अजय कुमार गुप्ता, बिनोद कुमार यादव, सरयू यादव, कजरू साव, मनोज नारायण भगत, मकसूद आलम, प्रकाश कुमार यादव, तसलीम अंसारी, सुरजीत नागवाला, संजय तिवारी, बिनोद कुमार सिंह समेत कई उपस्थित थे।

लोकतंत्र की जननी है हिंदुस्तान: केपी शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। राइट टू रिकॉल वर्तमान के लिए प्रासंगिक आर्यभट्ट सभागार में व्याख्यान का आयोजन भारत का लोकतंत्र सबसे प्राचीन लोकतंत्र है जिसकी तुलना किसी भी अन्य देशों से नहीं की जा सकती। सबसे पहले अपने ही देश में सभी नागरिकों को मताधिकार देकर लोकतंत्र की भावना को साकार किया गया। उक्त बातें राजनीति विज्ञान विभाग के अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष डॉ केपी शर्मा ने शनिवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित 'लोकतंत्र की जननी है भारत' विषय पर बतौर मुख्य वक्ता कहीं। डॉ शर्मा ने कहा कि लालफीताशाही, नौकरशाही, भ्रष्टाचार लोकतंत्र के दुश्मन है उन्होंने कहा कि नौकरशाही ने भारत के लोकतंत्र को धोखा देने का काम किया है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने कहा कि लोकतांत्रिक शक्तियां ही जनता के व्यक्तित्व के वाहक हैं। उन्होंने कहा कि संविधान ही व्यवस्था का पथ प्रदर्शक है। इसका अध्ययन सभी विद्यार्थियों को करना चाहिए।

लोकतंत्र के समानांतर अभी तक कोई भी दूसरी व्यवस्था स्थापित नहीं की जा सकी

कार्यक्रम को डॉ प्रमोद कुमार, डॉ सुबोध सिंह शिव गीत, डॉ अशोक कुमार मंडल, डॉक्टर विकास कुमार ने संबोधित करते हुए लोकतंत्र के बहुआयामी गुणों की चर्चा थी। व्याख्यान समंवयक गंगानाथ झा ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के समानांतर अभी तक कोई भी दूसरी व्यवस्था स्थापित नहीं की जा सकी है। डॉ विनोद रंजन ने संविधान का शपथ दिलाने के दायित्व का निर्वहन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मृत्युंजय कुमार और केके गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

उपायुक्त ने संविधान की शपथ दिलायी

कोडरमा (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के मौके पर शनिवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को संविधान की शपथ दिलायी। मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, गोपनीय पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त की अगुवाई में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ ली गयी। उपायुक्त ने कहा कि आज का दिन बहुत ही हर्ष एवं उल्लास का दिन है। इस दिन को देश में संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करने और डा. भीमराव अंबेडकर के अमूल्य योगदान और उनके विचारों एवं आदर्शों का स्मरण करने के साथ उसे आत्मसात करने का दिन है।

जीएम महाविद्यालय इचाक में मनाया गया संविधान दिवस

इचाक (आजाद सिपाही)। जीएम महाविद्यालय इचाक में संविधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ रोहित कुमार और जीएम कॉलेज के प्रभारी पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर और डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण का कार्यक्रम को प्रारंभ किए। डॉ. रोहित कुमार ने कहा की आज ही के दिन को राष्ट्रीय संवैधानिक दिवस और राष्ट्रीय कानून दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। पंकज कुमार ने कहा की आज हम पूरी तरह से आजाद महसूस कर रहे है तो यह भारतीय संविधान का देन है। हमारे संविधान के द्वारा हमे छः मौलिक अधिकार प्राप्त है जिसके द्वारा हम सभी नागरिकों का अधिकार दिलाने का कार्य भारतीय संविधान करता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कुमारी ज्योति,अनुभा रंजन, दीपक प्रसाद,रियाज अहमद, अजीत हंसदा, अजय उरांव,आशीष पांडे, संगम कुमारी, गायत्री शर्मा, विनोद कुमार मेहता, राजकुमार,कृष्ण कुमार मेहता, प्रिया कुमारी, सुनीता टोप्पो, संजय प्रजापति का सराहणीय योगदान रहा।

जगन्नाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरूका में भारतीय संविधान दिवस मना

इचाक (आजाद सिपाही)। जगन्नाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरूका में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रो.बसंत कुमार के द्वारा महाविद्यालय के बच्चों को भारतीय संविधान दिया गया। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी जाति धर्म के लोगों की बिना भेदभाव के संपूर्ण विकास की परिकल्पना की गई है। महाविद्यालय के सचिव जितेश्वर प्रसाद मेहता उर्फ भरत प्रसाद मेहता ने कहा कि संविधान में राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा में सभी नागरिकों की भूमिका निहित है, और इसके आधार पर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। महाविद्यालय के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भारतीय संविधान में सामाजिक आधार पर शोषित, वंचित, बहिष्कृत, पीड़ित वर्ग को भी राष्ट्र की विकास की मुख्यधारा में जुड़ने के लिए विशेषाधिकार प्रतिपादित किया गया है। संविधान दिवस के पावन मौके पर महाविद्यालय में भारतीय संविधान सम्मान सुरक्षा एवं संवर्धन विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन प्रोफेसर राजेंद्र यादव के नेतृत्व में किया गया था, जिसमें प्रथम स्थान निशांत कुमार ,द्वितीय कुमारी उमा यादव तथा तृतीय स्थान ज्योति कुमारी ने प्राप्त किया। इन बच्चों को संयुक्त रूप से महाविद्यालय के अध्यक्ष, सचिव एवं प्राचार्य महोदय के हाथों पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य बसंत कुमार, शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर विजय कुमार दास, प्रोफेसर राजेंद्र यादव, प्रो. प्रेमचंद कुमार, प्रदीप कुमार मेहता, सुरेंद्र मिश्र, जय प्रकाश कुमार, भुनेश्वर प्रसाद मेहता, सुषमा कुमारी, संतोष प्रसाद, शंभू कुमार, रामेश्वर राम, सविता कुमारी, पूनम कुमारी, सोनम कुमारी की महती भूमिका रही।

संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

केरेडारी (आजाद सिपाही)। देश के 73 वें संविधान दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर केरेडारी पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़ कर शपथ लिया। वही सभी सरकारी तथा निजी विद्यालयों में भी भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली गई एवं शिक्षकों ने स्कूली छात्र छात्राओं को भारतीय संविधान के इतिहास और इसके महत्व के विषय में विस्तार पूर्वक बच्चों को अवगत कराया। विदित हो को आज के दिन 26 नवंबर 1949 ई. को संविधान को अंगीकृत और समर्पित किया गया था।

बीडीओ ने मांगा पशुपालन पदाधिकारी से स्पष्टीकरण

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मंडपा में पशुओं को लंपी वायरस का टीकाकरण करने के लिए प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा प्रत्येक व्यक्तियों से 20 रूपया लिये जाने को लेकर 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह ने टाटीझरिया बीडीओ शाईनी तिग्गा से शिकायत किया था। जिसे लेकर शनिवार को बीडीओ ने स्पष्टीकरण निकाल पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर नकुल मोदी से तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है।

विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक बैठक

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। बिष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षक अभिभावक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता गुरु प्रसाद साव ने तथा संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक फणीश्वरनाथ महतो ने किया। बैठक में अभिभावकों ने विज्ञान प्रयोगशाला चालू करने तथा विद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी तथा संस्कृत विषय का शिक्षक नहीं होने का मामला उठाया। प्रधानाध्यापक ने एक सप्ताह के अंदर विज्ञान प्रयोगशाला को चालू करने का आश्वासन दिया। प्रधानाध्यापक ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 1984 छात्र के साथ ही 11 कक्षाएं संचालित है। विद्यालय में 18 शिक्षकों में 3 शिक्षक प्रतिनियोजित हैं। बैठक में विद्यालय परिसर के आसपास असामाजिक तत्वों की गतिविधि पर अंकुश लगाने की बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से महादेव महतो शक्तिपद महतो, सुनील कुमार, दिनेश कुमार, अखिलेश कुमार सिंह, अजय कुमार चटर्जी, कुलदीप कुमार, विजय कुमार, सुप्रिया साहू, गौरव कुमार, मुकेश कुमार सिंह तथा बसंत प्रसाद आदि मौजूद थे।

त्रिवेणीकांत ठाकुर साहित्य और पत्रकारिता सम्मान समारोह आज

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य एवं पत्रकारिता सम्मान 2022 के लिए डॉ. कृष्ण मोहन झा मोहन को मैथिली साहित्य एवं डॉ. सुबोध सिंह शिवगीत को हिन्दी साहित्य तथा पत्रकारिता में अभिजीत सेन विशिष्ट योगदान के लिए चयन किया गया है। 27 नवंबर रविवार को डीवीसी सभागार में समारोह पूर्वक उन्हें सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी त्रिवेणी कांत ठाकुर मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव राकेश ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि इसमें शहर के साहित्यकार और गणमान्य शामिल होंगे। पंडित त्रिवेणी कांत ठाकुर के नाम पर यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष हिंदी मैथिली अंग्रेजी साहित्य में योगदान के लिए जहां साहित्यकारों को पुरस्कार दिया जाता है। वही साहित्य की दूसरी विधा पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए इस वर्ष से सम्मानित किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह पुरस्कार पिछले छह वर्षों से विभिन्न भारतीय भाषाओं में स्व. त्रिवेणीकांत ठाकुर की पुण्य तिथि 27 नवंबर को साहित्यिक समारोह आयोजित कर कर प्रदान किया जाता है। इस वर्ष पत्रकारिता सम्मान भी प्रदान किया जायेगा।

सर्टिफिकेट देखकर पुरस्कृत किया

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस पर एनटीपीसी आइटीआइ ढेंगा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आइटीआइ के छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें छात्रों को आइटीआइ के अनुदेशकों द्वारा सर्टिफिकेट देखकर पुरस्कृत किया गया। सर्वप्रथम आइटीआइ के अनुदेशकों एवं छात्रों के द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। संचालनकर्ता सूचना प्रसारण प्रौद्योगिकी अनुदेशक प्रदीप कुमार ने कहा कि इस तरह के जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारत के संविधान की बारीकियों की जानकारी देना है संविधान से प्राप्त मौलिक अधिकार और कर्तव्य की जानकारी बच्चों को होगी तो वह कहीं भी अपेक्षित महसूस नहीं करेंगे। भारत संविधान हमें अनेकता में एकता का संदेश देता है मौके पर संस्थान के अनुदेशक मुकेश कुमार, अमरेश कुमार विद्यार्थी, विकास चौरसिया, महेश नायक, संदीप मौर्य, तरुण कुमार रंजन, इरफान अंसारी, शाहिद अख्तर, संजीत मेहता, प्रदीप गुप्ता, उपेंद्र कुमार, श्रीनाथ श्री, सुनील सिंह, रवि प्रजापति आदि उपस्थित थें।

बड़े-बड़े कांड का उद्भेदन करने में कोडरमा पुलिस विफल: प्रकाश रजक

कोडरमा (आजाद सिपाही)। भाकपा अंचल कमिटी कोडरमा की बैठक शनिवार को श्यामली पब्लिक स्कूल लरियाडीह मे अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री रामेश्वर यादव भीखन यादव ने प्रस्तुत किया। अंचल कमेटी सदस्य मथुरा रजक के निधन पर पार्टी सदस्यों ने 2 मिनट मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि 4 महीने बीत चुके हैं ग्रीन कार्ड में अभी तक राशन नहीं मिला है। एक तरफ 4 माह से राशन नहीं मिला है, दूसरी तरफ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चला कर के आम जनता को ठगा जा रहा है। 30 नवंबर 2022 को जिला समाहरणालय सैकड़ों ग्रीन कार्ड धारी जायेंगे और अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में दुष्कर्म एवं हत्या की घटनाएं बढ़ रही है, जिसके लिए जिला पुलिस प्रशासन भयंकर जिम्मेवार है। कांड संख्या 137/2022 डोमचांच थाना के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकोटा में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म एवं हत्या हुई। मामला में एक की गिरफ्तारी हुई है जबकि उस घटना में कई लोग संलिप्त हैं। लेकिन पुलिस काफी शिथिलता बरत रही है। जयनगर डंडाडीह के निवासी राजू साव के पुत्र ओम कुमार साव की हत्या कर डोमचांच थाना क्षेत्र के बुचीटांड़ के एक कुआं में डाल दिया गया था उक्त मामला को लेकर भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष मृतक के परिजनों ने भूख हड़ताल किया था। कोडरमा पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने एसआइटी का टीम गठित कर जांच करने का आश्वासन देकर भूख हड़ताल समाप्त करवाया था लेकिन आज तक उस घटना का उजागर नहीं हो पाया है। इससे प्रतीत होता है कि कोडरमा जिले में कोडरमा पुलिस गंभीर मामले को उद्भेदन करने में विफल साबित हो रही है। भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह एवं पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि रबी फसल के अंतर्गत किसानों को अनुदानित दर पर मिलने वाला गेहूं, सरसों, चना का बीज वितरण में विभिन्न पैक्सों के जरिए भयंकर अनियमितता बरती गई है। बैठक में अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिलाध्यक्ष रंजन कुमार रजक, द्वारिका सिंह, सुजीत कुमार, नसीरुद्दीन, मोहम्मद मेराज, डोमी राणा, सुकलाल पंडित, बद्री यादव, होरिल पासवान, बालकिशुन ठाकुर, नकुल ठाकुर, वासुदेव दास, मुकेश पासवान, बिहारी महतो, अर्जुन दास, चुरामन दास, विजय दास, तिलक दास, रविंद्र ठाकुर, सरयू दास, फरजाना खातून, जुबेदा खातून, उमा देवी, सुदामा देवी, दुलारी देवी, बलवा देवी आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश पासवान ने किया।

डीसी ने किया भारतीय संविधान के प्रस्तावना का पठन, अधिकारियों ने लिया शपथ

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस पर शनिवार को जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी माधवी मिश्रा के नेतृत्व में जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा संविधान के प्रस्तावना पठन किया गया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान डीसी ने 'हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए और उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिए, दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं का पठन किया गया

आम आदमी पार्टी ने स्थापना और संविधान दिवस मनाया

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सौन्दा डी पंचायत भवन में आम आदमी पार्टी का स्थापना दिवस एवं संविधान दिवस मनाया गया इस बैठक की अध्यक्षता दशरथ सिंह एवं संचालन रामचंद्र भुईयां ने किया। इस बैठक के मुख्य अतिथि नितेश सिन्हा जिला संयोजक रामगढ़ एवं वरिष्ठ अतिथि जिला प्रभारी विनोद कुमार राम उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व सौंदा डी अंबेडकर भवन में संविधान के निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प एवं फूल चढ़ाकर संविधान दिवस मनाया गया। वहीं बैठक में आम आदमी पार्टी को विस्तार रूप से सदस्य बढ़ाने की समस्या पर एवं पार्टी का विकास के लिए विचार विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि नितेश कुमार सिन्हा ने संविधान दिवस पर विस्तार से चर्चा की। मौके पर नवीन शर्मा, दिनेश प्रजापति, भुनेश्वर बेदिया, सुरेंद्र ठाकुर, पिंटू जायसवाल, सोमनाथ गुप्ता, इंदल राम, सब्बू पासवान, बंधन बाऊरी, रामप्रसाद बेदिया, विशाल नोनिया, उमेश कुमार, राजकुमार गिरी, जय श्री यादव, वीरू कुमार, रेबू मुंडा सहित अन्य मौजूद रहे।

पतरातू प्रखंड मुख्यालय में दो दिवसीय आयुष मेला शुरू, मेला में करीब 600 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड मुख्यालय परिसर में शनिवार से दो दिवसीय आयुष मेला शुरू हुआ। मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद, बीडीओ हलदर कुमार सेठी, सीओ शिव शंकर पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक अंबा प्रसाद ने लोगों से आयोजित आयुष मेला का लाभ उठाने का आह्वान किया। इसके बाद विधायक ने मेला में आयुर्वेदिक, होम्योपैथि, योग परामर्श, सीएचसी आदि के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। मेला में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ विशेश्वर पासवान, डॉ राजेश कुमार रजवार व डॉ आसिफ अंसारी और आयुष चिकित्सक डॉ राजीव रंजन मिश्रा, डॉ ऋतुराज, डॉ पल्लवी झा व डॉ मनोज कुमार गुप्ता ने करीब 600 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच निशुल्क होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नितिन तुलस्यान, बीपीएम मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा, अमित साहू, योगेंद्र सिंह खरवार, योग शिक्षक रोहित सिंह आदि उपस्थित थे।

कला उत्सव में डीएवी बरकाकाना का अच्छा प्रदर्शन

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में आयोजित कला उत्सव समारोह के आयोजन में डीएवी बरकाकाना के विद्यार्थियों ने रामगढ़ जिले का नाम रोशन किया। जिले से चयनित सतरह बच्चों में पांच बच्चे पुरस्कृत किये गये। जिसमें डीएवी बरकाकाना के तीन बच्चों ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। बारहवीं का छात्र सचिन कांत झा ने 'जाने एक नाटक' जो शहीद अल्बर्ट एक्का के जीवनी पर आधारित नाटक था में तीसरा स्थान प्राप्त किया।साथ ही कक्षा दसवीं का छात्र यशराज ने पंजाबी भांगड़ा के प्रदर्शन से आये हुए जजों के साथ-साथ सभी प्रतिभागी का मन मोहा। विद्यालय की प्राचार्य डॉ उर्मिला सिंह ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी बच्चों में भिन्न भिन्न प्रकार की प्रतिभाएं होती है। जिसे विद्यालय उन प्रतिभाओं को पहचान कर तरासती है एवम बड़े मंच उपलब्ध कराने में सहयोग करती हैं। बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयार करने में विद्यालय के संगीत शिक्षक सुबर्ना बसु और रजनीकांत पाठक का अथक योगदान रहा।

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रांची-पटना मुख्य मार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में शुक्रवार व शनिवार की मध्यरात्रि की बीच दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कोठार फोरलेन पर तेज रफ्तार जा रही ट्रक संख्या एचपी 19बी 5111 ने रामगढ़ सर्विस रोड से फोरलेन सड़क की ओर जा रहे ट्रक संख्या जेएच 02एभी 2768 के बीच जोरदार टक्कर हो गई इस घटना में एक की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि, दूसरी घटना रांची की ओर से आ रही तेज रफ्तार से मिर्चा लदा ट्रक संख्या एपी 07टीजी 4699 का अचानक चुटूपालू घाटी में ब्रेक फेल हो गया चालाक ने अपनी सूझबूझ वाहन सड़क से लगभग 25 से 30 फिट ऊपर जंगल की और पहाड़ में चढ़ा दिया। हालांकि इस घटना में चालक की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि खलासी घायल गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल खलासी को सदर अस्पताल रामगढ़ पहुंचाया। जहां, उसका प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया गया।

उपायुक्त ने कर्मियों को दिलायी शपथ

चतरा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय संविधान दिवस पर उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकरियों एवं कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना पढ़कर उनको शपथ दिलायी। संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आज का दिन भारत के संविधान को अपनाने और संविधान के संस्थापकों के योगदान को सम्मान देने और स्वीकार करने के लिए मनाया जाता है। साथ ही नागरिकों के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए इस दिन का विशेष महत्व है।मौके पर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल समेत जिले के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। जिलास्तरीय शपथ कार्यक्रम के अलावे एक साथ आज जिले के विभिन्न प्रखंड, अंचल कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय के अलावे अन्य सभी कार्यालयों के नियंत्री पदाधिकारियों ने संविधान दिवस के अवसर पर अपने अपने कर्मियों के साथ संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर शपथ ली।

ससमय निराकरण नहीं होने पर होगा आंदोलन: यूनियन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। कोलफिलड मजदूर यूनियन की बैठक शनिवार को पटेल नगर यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उदय कुमार सिंह और संचालन अशोक गुप्ता ने किया। संविधान दिवस के अवसर पर यूनियन के सदस्यों के द्वारा संविधान को पढ़ा गया साथ ही संविधान के दिशा निर्देश अनुसार जनकल्याण करने की बात कही गई। बैठक में सर्वसम्मती से तय हुआ कि क्षेत्र के सभी परियोजना में प्रबंधन को एजेंडा (समस्याएं) सौंपा जाएगा।ससमय निराकरण नहीं होने पर आन्दोलन करने की बात की। साथ ही 11वां वेतन समझौता को लटकाने के लिए प्रबंधन के प्रयास का भर्तसना किया गया और निकट भविष्य में जोरदार आन्दोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया गया। बैठक में रमाकांत दुबे, पप्पू सिंह, हरीशंकर पांडे, सुधीर सिंह, जुगल नायक, सुदामा पानी ग्राही, आशित साहू, बिनोद साव, मनोज कुमार, बेलो शर्मा, कन्हैया सिंह यादव, मदन मोहन ओझा, दयानंद प्रसाद केसरी, बैजनाथ महतो, बाबू नंदन प्रसाद, विक्रम मिश्रा, सुरेंद्र ठाकुर, सनोज हरिजन, मुरला बेदिया सहित कई लोग शामित थे।

सीओ विजय कुमार ने संविधान रक्षा की दिलायी शपथ

टंडवा (आजाद सिपाही)। भारत के 73वें संविधान दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय टंडवा परिसर में अंचल अधिकारी विजय कुमार दास ने अंचल तथा प्रखंड कर्मियों को प्रस्तावना पढ़कर संविधान रक्षा की शपथ दिलायी। इस मौके पर प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी समेत अन्य उपस्थित थे।

छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। छावनी परिषद क्षेत्र के गोलपार वार्ड नंबर 2 स्थित सरकारी भूमि पर कब्जा का प्रयास चल रहा है। इसे लेकर छावनी परिषद रामगढ़ के पूर्व अध्यक्ष अनमोल सिंह ने सूबे के मुख्यमंत्री राज्य सरकार को पत्र प्रेषित किया है। जिसकी प्रतिलिपि मुख्य न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय रांची, डीसी रामगढ़, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सांसद हजारीबाग, विधायक रामगढ़, आयुक्त हजारीबाग प्रमंडल, मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद के अलावा अन्य को पत्र भेजा है। पत्र में कहा है कि रामगढ़ टाउन में गोलपार झंडा चौक वार्ड नं 2 के निकट मस्जिद है। जिसके बगल में ग्रीन गोला के नाम से प्रसिद्ध सरकारी भूमि है। जिस पर सैकड़ों गरीबों का झोपड़ पट्टी बना हुआ है। जहां करीब 50 वर्षो से भी अधिक समय से गरीब लोग निवास करते आ रहे है। यहां पर सरकारी हॉस्पीटल, सरकारी बिल्डिंग, शहीद भगत सिंह क्लब, लाईब्रेरी और सरकारी कुंआ बना हुआ है। इन दिनों भू-माफिया की नजर इस जमीन पर पड़ी हुई है, जो झोपड़ पट्टी उजाड़ कर गरीबों को बेघर करके उक्त जमीन को हड़पना चाहते है। जिसके लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे है। अगर उक्त जमीन किसी भी व्यक्ति की होती तो उसके द्वारा 50 वर्षो में कभी भी दावा नही किया गया है। सरकारी कर्मचारी को मेल में लेकर जाली व बनावटी कागजात बनाकर गरीबों को उजाड़ने की साजिश हो रही है। जिससे कभी भी अप्रिय घटना भू-माफियाओं द्वारा घटित की जा सकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से विनती है कि उक्त बातों पर गंभीरता से विचार करते हुए दोषी व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए गरीबों का आशियाना उजड़ने से बचाने की कृपा की जाए। सरकारी भूमि पर गरीबों को कुचलकर भू-माफिया द्वारा सब्ज बाग सजाने की तैयारी चल रही है।

श्रमिक संगठन सीटू ने मनाया संविधान दिवस

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। श्रमिक संगठन सीटू के भुरकुंडा शाखा कार्यालय सीपीएम और सीटू के कार्यकताओं ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीटू नेता रामनरेश सिंह ने किया। झंडोत्तोलन सीपीएम के रामगढ़ जिला सचिव आर पी सिंह चंदेल ने किया। इस पर झंडोत्तोलन के बाद राष्ट्रीय गान गाकर संविधान की रक्षा करने की शपथ लिया गया। सभी ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा। इस अवसर पर क्रमशः आर पी सिंह चंदेल, रामनरेश सिंह, किरण कुमार, उदय प्रसाद, अशोक कुमार सिंह एवं आदर्श कुमार उपस्थित रहे।

श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में मना संविधान दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संविधान के बारे में जानकारी देना था। संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। छात्र-छात्राओं ने संविधान के महत्व को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्रांगण में कई प्रस्तुति देकर माहौल को बहुत ही आकर्षक बना दिया। बच्चों ने संविधान दिवस को मनाने में आम भूमिका निभाई। विद्यालय की एक बालिका ने संविधान के महत्व को दशार्ते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं को बताया। बच्चों ने स्लोगन बोला, पोस्टर तैयार किया। वही, प्रधानाध्यापक ने बच्चों को सर्टिफिकेट तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। संविधान के नियमों के तहत सभी ने शपथ ग्रहण किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरजाप सिंह ने बच्चों को संविधान के नियमों के बारे में बताया और जीवन में हम इन नियमों को अपनाकर कैसे अपने जीवन को सरल बना सकते हैं, इसके बारे में जानकारी सभी को दी। प्रार्थना सभा में सभी शिक्षक और शिक्षिका भी उपस्थित थें और उन्होंने भी शपथ ग्रहण किया।

ये थे उपस्थित

प्रार्थना सभा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष परमदीप सिंह कालरा, अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुशविंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी आदि उपस्थित थें।

कार्यालय जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(भी0बी0डी0),
लोहरदगा

अतिअल्पकालीन निविदा
आमंत्रण सूचना/कोटेशन

पत्रांक 304/दिनांक 26.11.2022।

लोहरदगा जिला के फाइलेरिया रोगियों का मॉरबिडिटि मैनेजमेंट हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (भी0बी0डी0) कार्यालय के लिए मॉरबिडीटी मैनेजमेंट किट के क्रय हेतु कोटेशन मुहरबंद लिफाफा में आमंत्रित की जाती है। मॉरबिडीटी मैनेजमेंट किट के प्रत्येक किट में निम्नलिखित सामग्री होनी है –

1. प्लास्टिक टब – 25 ltr (Depth 1 ft Minimum)
2. प्लास्टिक मग – 1ltr
3. फर तौलिया – (Medium Size)
4. साबुन – 50 ग्राम
5. एंटीसेप्टिक/एंटीफंगल क्रीम – 15 ग्राम
6. Antiseptic Disinfectant Liquid – 60 मिग्रा

इच्छुक अपूर्तिकर्त्ता दिनांक 15.12.2022 को पूर्वाह्न 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा/कोटेशन हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। निविदा दिनांक 16.12.2022 के अपराह्न में 04.00 बजे असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

जिला भी0बी0डी0 पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 283560 (Lohardaga)22-23*D

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

संविधान दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण और गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। 26 नवंबर को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश पासवान के नेतृत्व में 74 वे सविधान दिवस पर शहर के पोस्ट ऑफिस चौक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संविधान दिवस के मौके पर प्रदेश महामंत्री रंजय भारती, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनमीत सिन्हा, भाजपा नेता सुजीत भारती, नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य, किसान मोर्चा पलामू प्रभारी भूपेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अमित राम, रविंदर दास, धीरज कुमार, राजेन्द्र साव जिलाध्यक्ष जनजाति मोर्चा भेखलाल मुंडा समेत उपस्थित थे। साथ ही जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश पासवान के अध्यक्षता में 74वां संविधान दिवस मनाया गया। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश पासवान ने कहा कि बाबा साहब ने हम सभी को संविधान में अनेकों अधिकार दिए है, उन्होंने अनुसूचित समाज को आगे लाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए है प्रदेश महामंत्री रंजय भारती ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर साहब के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि बाबा साहब के सपने को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पूरा कर रहे हैं। उन्होंने अमीरो गरीबों के फासले को कम किया है।

आज झारखंड सरकार संविधान से छेड़छाड़ कर रही

कार्यक्रम को पलामू प्रभारी किसान मोर्चा भूपेंद्र मिश्रा, भाजपा नेता शिव कुमार चौबे ने भी संबोधित किया धन्यवाद ज्ञापन मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित राम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोर्चा के जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि चंपा देवी, भाजपा नेता सुशील सिंह, सांसद प्रतिनिधि विनोद सिंह, कोषाध्यक्ष राजेंद्र साव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष भेखलाल मुंडा, भाजपा नेता मो लाडला, कार्यालय प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, भाजयुमो जिला महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि दीपक कुमार शर्मा, बबलू सिंह, रविंदर दास, नगर उपाध्यक्ष धीरज सिन्हा, भाजपा नेता संजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, गुड्डू रजक, अर्जुन कुमार एवं दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

भीम आर्मी ने संविधान दिवस पर अंबेडकर की तस्वीर पर किया माल्यार्पण

इटखोरी (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के मौके पर भीम आर्मी के प्रखंड कमिटी के द्वारा उत्सव होटल में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भीम आर्मी के प्रखंड अध्यक्ष अजय पासवान ने ठंड को देखते हुए दो गरीबों के बीच कंबल वितरण किया। उपस्थित लोगो के बीच मिठाईया बाटी गई। प्रखंड अध्यक्ष महिला मोर्चा उर्मिला देवी, जिला प्रवक्ता सत्रुधन प्रसाद ने सविंधान निर्माता के जीवनी के बारे में विस्तार से बताया और उनके बताए मार्ग दर्शन पर चलने की बात कही। मौके पर जिला मिडिया प्रभारी मीकू कुमार, उपमिडिया प्रभारी संतोष दास, धनखेरी पंचायत सदस्य समिति मनोज भुइया, प्रखंड वरिय उपाध्यक्ष फक्करू अंसारी, सचिव राकेश दास, प्रखंड मिडिया प्रभारी रोहित दास समेत लोग शामिल हुए।

कार्यालय कृषि उत्पादन बाजार समिति, सिमडेगा

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य बाजार प्रांगण, कृषि उत्पादन बाजार समिति, सिमडेगा में 2 गोदाम एवं 1 गार्ड भवन रिक्त है। जिसे बाजार समिति, सिमडेगा की संकल्प सं0– 01 दिनांक 23.11.2022 में लिये गए निर्णयानुसार पर्षदीय/समिति नियमानुसार आवंटन/किराया में दिया जाना है। गोदाम एवं गार्ड भवन की विवरणी निम्न है–

क0 सं0	स्थान का नाम	गोदाम/गार्ड भवन की कुल संख्या (03)	कुल वर्गफीट	किराया दर प्रति वर्गफीट	प्रति माह किराया
1.	मुख्य बाजार प्रांगण, सिमडेगा	गोदाम सं0– 03 का खण्ड भाग	1,433	3.50	5,016.00
2.		गोदाम सं0– 04 का खण्ड भाग	6,195	3.50	21,682.00
3.		गार्ड भवन	696	3.50	2,436.00

गोदाम के आवंटन हेतु प्रमुख नियम एवं शर्तें निम्न है :–

1. आवंटी को गोदाम आवंटन हेतु तीन माह के किराये के बराबर सुरक्षित जमा राशि जमानत के रूप में जमा करना होगा।
2. गोदाम के आवंटन हेतु आवेदन के लिए आवेदन प्रपत्र दिनांक 05.12.2022 तक कार्यालय कार्यावधि में प्राप्त किया जा सकता है।
3. आवंटन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 20.12.2022 के अपराह्न 4:00 बजे तक कृशि उत्पादन बाजार समिति, सिमडेगा के कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
4. गोदाम के आवंटन में ई–नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) के तहत ई–ट्रेडिंग के माध्यम से कृषि उपज का व्यवसाय करने वाले निबंधित अनुज्ञप्तिधारी/फर्म एवं पूर्व के बाजार समिति, सिमडेगा के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों को आवंटन में प्राथमिकता दी जायेगी।
5. आवंटी को झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद, राँची द्वारा निर्धारित प्रपत्र में समिति पक्ष में अपने खर्च पर एकरारनामा कर एकरारनामा में वर्णित नियम एवं शर्तों का पालन करना होगा, साथ ही आवंटन के समय तीन माह का किराया जमा करना अनिवार्य होगा।
6. आवंटित गोदाम के किराये का निर्धारण पर्षद/समिति द्वारा निर्गत आदेा के अनुकूल होगा एवं समय–समय पर किराये में संशोधन का अधिकार भी पर्षद/समिति को सुरक्षित रहेगा।
7. आवंटित प्रतिष्ठान में अधिसूचित कृषि उपज का व्यापार करना अनिवार्य होगा।
8. गोदाम सं0– 04 के लिए पूर्ण गोदाम हेतु आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उक्त गोदाम को विभाजित कर उपलब्ध कराया जायेगा।
9. उपरोक्त वर्णित गोदाम की संख्या से ज्यादा आवेदन प्राप्त होने पर आवंटन उप समिति द्वारा आवंटन पर निर्णय लिया जायेगा, जो सभी आवेदनकर्त्ता को मान्य होगा, साथ ही किसी आवेदन को रद्द या अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा।
10. विशेष जानकारी हेतु कार्यालय कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

अनुमण्डल पदाधिकारी, –सह–
विशेष पदाधिकारी,
कृषि उत्पादन बाजार समिति, सिमडेगा

पणन सचिव,
कृषि उत्पादन बाजार समिति, सिमडेगा PR 283537 Agriculture (22-23)_D

आजाद सिपाही वार्षिक सम्मान समारोह 2022

रांची (आजाद सिपाही)। तारीख 26 नवंबर, 2022 और स्थान रांची प्रेस क्लब का सभागार। अवसर था आजाद सिपाही का वार्षिक सम्मान समारोह का, जिसमें झारखंड के कोने-कोने के अलावा पश्चिम बंगाल और ओड़िशा से आजाद सिपाही परिवार के सदस्य शामिल हुए। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल सिंह, निदेशक राकेश सिंह और महाप्रबंधक पशुपति सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में टीम के सदस्यों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह, स्थानीय संपादक विनोद कुमार और मुख्यालय के अन्य वरीय सहयोगियों ने अलग-अलग श्रेणियों में सहयोगियों को सम्मानित किया। मौके पर प्रधान संपादक ने आजाद सिपाही के अब तक के सफर पर प्रकाश डाला और भविष्य की योजनाओं को रेखांकित किया। करीब चार घंटे तक चले समारोह में सम्मान पाकर सहयोगियों की खुशी का ठिकाना नहीं था। सभी ने एक स्वर से आजाद सिपाही को और अधिक मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया।

इम्प्लॉय ऑफ द ईयर 2022

मुकेश सिंह, रांची

नामधारी प्रसाद, रांची

स्वरूप भट्टाचार्य, तमाड़

स्टार परफॉर्मर ऑफ द ईयर 2022

डॉ. कमलेश कुमार, रांची

अभिषेक कुमार, रांची

विजय प्रताप देव, गढ़वा

आफताब अंजुम, गुमला

एक्सीलेंस परफार्मर ऑफ द ईयर 2022

जय कांत शुक्ला, पलामू

सत्यकाम, लोहरदगा

शुभाशीष विवेकानंद, ओडिशा

उमेश पांडेय, हजारीबाग

दीप्तांशु शेखर दास, ओडिशा

दीपक सिंह, हजारीबाग

संतोष सिन्हा, बालूमाथ

दिनकर कुशवाहा, बड़कागांव

सतीश ठाकुर, नामकुम

अभिजीत, जमशेदपुर

मो नसीम, अनगड़ा

धनंजय कुमार, हुसैनाबाद

बिजेंद्र कुमार, भुरकुंडा

सादिक अनवर, रांची

बृजेश सिंह, रांची

बबलू महतो, रांची

रोहित सिंह, रांची

प्रशांत झा, रांची

राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर 2022

राजेश ठाकुर टंडवा, देव आनंद कुमार महुआडांड़, शैलेश गुप्ता सिमरिया, रवि मिश्रा केरेडारी, अजय चौरसिया इटखोरी चतरा, मकबूल अंसारी हजारीबाग, अनिल बर्नवाल बरकट्ठा, देवनारायण गंजू खलारी, मो आसिफ राजा चन्दो, दीपेंद्र प्रवेनजं बोकारो, विजय सिंह बेरमो, मुकेश सिंह चंदवा, रवि कुमार गुप्ता बरवाडीह, संतोष साहू पतरातु, गौतम पाल कोडरमा, अनिल मिश्रा खूंटी, आदर्श कुमार गारू लातेहार, राजवीर चौधरी रांची, मनीष सिंह एडिटोरियल रांची, आर्यन वर्मा रांची, विकाश साहू गढ़वा।

बहुमूल्य योगदान अवॉर्ड फॉर द ईयर 2022

डॉ मिथिलेश कुमार हजारीबाग, अंशु अनमोल हजारीबाग, धीरज पुरी दारू, दुर्गेश पांडेय चौपारण, ज्योतिष पांडा टाटीझरिया, प्रभाकर पाठक बरही, अमरजीत कुमार कुजू, निर्मल महतो रजरप्पा, अंजनी कुमार गोला, सुदामा सिंह भदानी नगर, सुनील कुमार बरकाकाना, अभिषेक केशरी भरनो, आदित्य सिंह पालकोट, ओझ जायसवाल सिसई, हिमांशु रंजन बसिया, मनोज कुमार चैनपुर, मो इल्ताफ डुमरी, संतोष साहू बिशुनपुर, विकाश वर्मा कामदारा, मो वारिश रायडीह, प्रसिद्ध कुमार हरिहरगंज, चंदन कुमार छतरपुर, मनोज सिंह पांडू, पप्पू कुमार सतबरवा, कमलेश ठाकुर पांकी, मो कुतुबुद्दीन बरियातू बालूमाथ, विनय कुमार हेरहनज, प्रफुल पांडेय मुरपा, सोनू कुमार गढ़वा, श्याम बचन यादव संगमा, अमित कुमार मझियानव, प्रशांत सहाय बंशीधर नगर, नवीन कुमार गुप्ता भवनाथपुर, अशोक कुमार भंडरिया, प्रतीक कुमार द्विवेदी खरौंधी, रविकांत चंद्रवंशी केतार, शिव कुमार रवि रंका, बलराम शर्मा मेराल, अरुण कुमार चौबे हरिहरपुर, कृष्णा कुमार यादव धुरकी, ओंकार नाथ गोमिया, ज्ञानेंद्र सिंह बधकारो, अनिल कुमार पाठक बेरमो, संदीप कुमार फुसरो, पवन कुमार कथारा, मो वाशिम कैरो, मो हुसैन अंसारी किसको, प्रकाश कुमार गिरिडीह, सुधीर कुमार सिन्हा गिरिडीह, सत्येंद्र मिश्रा बाघमारा, संजीव समीर कोडरमा, अनुज शर्मा ओरमांझी, अनुज गुप्ता बेरो, अवधेश कुमार महतो सोनहातू, दिलीप सोनी बुर्मु, पाहुल बेदिया सिकिदिरी, मनोज साहू ठाकुरगांव, दुर्गा बड़ाईक कर्रा, मो एजाज रातू, मो याकुब अली पिपरवार, प्रदीप कुमार इटकी, राम प्रसाद लपुंग, सुनील गुप्ता कांके, रोहित राम बुंडू, रौशन झा मुरी, कन्हैया सिंह रांची, मनीष सिंह रांची डिजिटल, चंद्र प्रकाश रावत रांची, समसुल हक रांची, शंकर यादव रांची, सुनील सिंह रांची, सूरज कुमार रांची, पार्वती सिंह रांची आईटी, उज्जवल चौधरी रांची, अर्जुन सिंह रांची, सुलोचना देवी रांची।

तसवीरें प्रदीप ठाकुर की

गुटबाजी के साइडइफेक्ट

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गुरुवार को कांग्रेस नेता सचिन पायलट के खिलाफ दिया गया आक्रामक बयान न तो अचानक आया है और न ही इसे अप्रत्याशित माना जा सकता है। इसकी टाइमिंग जरूर कांग्रेस आलाकमान के लिए परेशानी पैदा करने वाली है, लेकिन इसके पीछे पार्टी में पर्दे के पीछे चलने वाली गतिविधियां हैं। पायलट और गहलोत दोनों के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर रस्साकशी के चलते पार्टी में इतनी बार और इतनी बड़ी उठापटकें हो चुकी हैं कि अब उसमें किसी तरह का रहस्य नहीं रहा। आश्चर्य की बात कुछ हो सकती है, तो यही कि दोनों गुटों में दुश्मनी की हद तक जाने वाली कड़वाहट और आलाकमान की ओर से इस विवाद को समय रहते हल करने की कोशिशों के बावजूद समस्या जस की तस है। जहां पायलट को यह जायज शिकायत हो सकती है कि कथित तौर पर आलाकमान का बारंबार आश्वासन मिलने के बाद भी सीएम पद से उनकी दूरी कम होने का नाम नहीं ले रही, वहीं गहलोत की यह आशंका भी निराधार नहीं है कि मौका मिलते ही पायलट कांग्रेस नेतृत्व के संरक्षण से उनकी कुर्सी छीन सकते हैं। अब जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश करने वाली है, तब दो दिन पहले गुर्जर नेता विजय सिंह बैंसला ने पायलट को जल्दी मुख्यमंत्री बनाने की मांग करते हुए चेतावनी दे दी कि ऐसा न करने पर राजस्थान में यात्रा का विरोध होगा। हालांकि इससे पहले भी पायलट के पक्ष में दबाव बनाने की प्रत्यक्ष या परोक्ष कोशिशें होती रही हैं, लेकिन बैंसला की मांग के बाद प्रियंका गांधी के साथ पायलट भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए। इससे कुछ हलकों में माना गया कि संभवतः अब पार्टी में सर्वोच्च स्तर पर पायलट के पक्ष में फैसला हो जायेगा। ऐसे में गहलोत ने अपने आक्रामक बयान के जरिये अपने समर्थकों को ही नहीं, विरोधियों को भी आगाह कर दिया कि वह किसी भी प्रतिकूल फैसले को खामोशी से स्वीकार नहीं करेंगे। दरअसल राजस्थान का विवाद कांग्रेस नेतृत्व के लिए इधर कुआं, उधर खाई की स्थिति साबित हो रहा है। भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान पार करने से पहले कोई भी फैसला उस पर विपरीत प्रभाव डालेगा। इसके अलावा अशोक गहलोत गुजरात विधानसभा चुनावों के प्रभारी हैं। उस लिहाज से भी तत्काल उनके खिलाफ किया गया कोई फैसला ठीक नहीं होगा। राजस्थान विधानसभा चुनाव भी अगले साल ही होने हैं। ऐसे में अगर नेतृत्व परिवर्तन करना है, तो उस लिहाज से भी देर करना घातक हो सकता है, लेकिन अगर कुछ न किया जाये तो उसके भी अपने नुकसान हैं क्योंकि पायलट सीएम पद से कम किसी भी चीज पर संतुष्ट होंगे, इसके आसार नहीं दिख रहे। कुल मिला कर राजस्थान विवाद कांग्रेस नेतृत्व के लिए ऐसी भूलभुलैया बन चुका है, जिससे निकलने का कोई रास्ता उसे नजर नहीं आ रहा।

गहलोत ने अपने आक्रामक बयान के जरिये अपने समर्थकों को ही नहीं, विरोधियों को भी आगाह कर दिया कि वह किसी भी प्रतिकूल फैसले को खामोशी से स्वीकार नहीं करेंगे। दरअसल राजस्थान का विवाद कांग्रेस नेतृत्व के लिए इधर कुआं, उधर खाई की स्थिति साबित हो रहा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

आतंकवाद के प्रति समान शून्य सहनशीलता दृष्टिकोण का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ देश आतंकी समूहों को राजनीतिक, वैचारिक और वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं और कभी-कभी इसके खिलाफ कार्रवाई को रोकने के लिए आतंकवाद के समर्थन में अप्रत्यक्ष व्यवस्था करते हैं। आतंकवाद का समर्थन करने वाले दो प्रमुख देश चीन और पाकिस्तान हैं।

आतंकवाद पर अंकुश के लिए 'एक दिमाग, एक दृष्टिकोण' हो

हरि जयसिंह

भारत के 2 शीर्ष नेताओं ने 2 प्रमुख चिंताओं को राष्ट्रीय फोकस में ला दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जहां कुछ देश 'अपनी विदेश नीति के हिस्से के रूप में' आतंकवाद का समर्थन करते हैं वहीं अन्य 'आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को रोक कर' ऐसा करते हैं। इस संदर्भ में मोदी ने कहा है कि ऐसे देशों पर एक लागत लगायी जानी चाहिए। मगर विवादास्पद बिंदू है कि यह कैसे संभव है? यह एक आसान लक्ष्य नहीं है। हाल ही में नयी दिल्ली में हुए एक सम्मेलन में प्रधानमंत्री के भाषण का शीर्षक 'नो मनी फॉर टैरर' था, जिसमें 72 देशों और 15 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भाग लिया था।

आतंकवाद के प्रति समान शून्य सहनशीलता दृष्टिकोण का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ देश आतंकी समूहों को राजनीतिक, वैचारिक और वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं और कभी-कभी इसके खिलाफ कार्रवाई को रोकने के लिए आतंकवाद के समर्थन में अप्रत्यक्ष व्यवस्था करते हैं।

आतंकवाद का समर्थन करने वाले दो प्रमुख देश चीन और पाकिस्तान हैं। टेरर फंडिंग पर हुए सम्मेलन में ये दोनों देश नदारद थे।

अमेरिका को आतंकवाद से त्रस्त देशों की कठोर वास्तविकताओं के सामने आने में अभी समय लगेगा।

नरेंद्र मोदी ने सही ही कहा था कि देशों को मिल कर कट्टरवाद और उग्रवाद की समस्या का समाधान करना चाहिए और कहा कि जो कोई भी कट्टरता का समर्थन करता है उसके लिए किसी भी देश में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। इस गिनती पर मोदी के प्रस्ताव पर कोई भी विवाद नहीं उठा सकता लेकिन अफसोस की बात यह है कि वैश्विक भू-राजनीति अब तर्कसंगत आधार पर संचालित नहीं होती है। पहियों के भीतर पहिए हमेशा होते हैं और कोई भी निश्चित नहीं हो सकता कि कौन-सा पहिया किस देश और किस उद्देश्य के लिए काम करता है। गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकी फंडिंग के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को अधिक प्रभावी ढंग से समन्वित करने के लिए भारत में एक स्थायी सचिवालय स्थापित करने का सुझाव दिया है।

अमित शाह ने आतंकी वित्त पोषण से लड़ने के लिए '5 स्तंभों' की रणनीति का सुझाव दिया है। उनका मानना है कि आतंकी वित्त पोषण आतंकवाद से भी ज्यादा खतरनाक है। शाह ने वैश्विक समुदाय से आतंकवाद के 'डायनामाइट से मैटावर्स' और 'एके 47 से आभासी सम्पत्ति' में परिवर्तन पर ध्यान देने को कहा है। आतंक पर नकेल कसने के लिए 'एक दिमाग, एक दृष्टिकोण' का आह्वान करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री कहते हैं कि हम मानते हैं कि आतंकवाद का खतरा किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता या समूह से जुड़ा नहीं होना चाहिए। हम इसे स्वीकार करें या न करें, आतंकवाद पाकिस्तान में उन्हीं ताकतों के समर्थन से पनप रहा है जिसमें भारत जैसे शांति प्रिय लोकतंत्र सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। छद्म युद्ध के बीच जम्मू-कश्मीर और देश के कुछ अन्य भागों में हुई बेगुनाहों की हत्या पर घड़ियाली आंसू भी नहीं बहाये गये हैं।

जो महत्वपूर्ण बिंदू सामने आता है वह यह है कि जिस तरह से अमेरिका ने आतंक की बुरी ताकतों की मदद करने और उन्हें उकसाने के लिए अपनी ताकत के साधनों का इस्तेमाल किया है यह वास्तव में एक महान विरोधाभास है। यहां सवाल यह नहीं है कि कौन अमेरिकी विरोधी या कौन समर्थक मुद्राएं बना रहा है। वास्तव में मुद्दे प्रकृति में मौलिक हैं, जिसके सही उत्तर पर मानव सभ्यता निहित है।

शायद अमेरिकियों को उन भारतीयों से कुछ सबक सीखना होगा, जिन्होंने आतंकवाद के साथ जीना सीख लिया है। शायद अमेरिका को आतंकवाद से त्रस्त देशों की कठोर वास्तविकताओं के सामने आने में अभी समय लगेगा। यह निश्चित रूप से एक मेहनती कवायद है, क्योंकि स्वतंत्रता और स्वाधीनता का अर्थ भी आधिकारिक तौर पर सुरक्षा मजबूरियों के रूप में कहे जाने वाले नाम में बदलाव के दौर से गुजर रहा है। यह स्पष्ट रूप से बदल जायेगा। यहां तक कि अमेरिकी लोगों की जीवनशैली भी काफी हद तक बदल जायेगी।

अमेरिकी बुद्धिजीवियों के एक वर्ग के लिए चिंता की बात यह है कि क्या अमेरिका आने वाले वर्षों में स्वतंत्रता, मानवाधिकारों और लोकतांत्रिक मानकों के रक्षक के रूप में अपनी वैश्विक प्रधानता को बनाये रखने में सक्षम होगा? आने वाला समय निश्चित रूप से जमीनी हकीकत के साथ कष्टदायक समायोजन की मांग करेगा। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिकी नेतृत्व अपने घरेलू और वैश्विक मामलों की संचालन कैसे करता है।

बेशक वैश्विक आतंकवाद से लड़ने में अमेरिका का अपना एक एजेंडा है। यह सच है कि वाशिंगटन वैश्विक अभियान का एक बहुत बड़ा हिस्सा है, फिर भी अमेरिका की रणनीतियों और भू-राजनीतिक व तेल हितों के साथ आतंकवाद पर भारतीय दृष्टिकोण का शायद ही कोई एकीकरण है। जाहिर-सी बात है कि आतंकवाद पर भारतीय वैश्विक दृष्टिकोण अमेरिकी गणनाओं और रणनीतियों से काफी अलग है।

जम्मू-कश्मीर और भारत के अन्य हिस्सों में इस्लामाबाद प्रायोजित आतंकवाद के हाथों वर्षों तक एक साथ पीड़ित रहने के बाद भारतीय दृष्टिकोण मूल रूप से पाकिस्तान केंद्रित है। खैर, आतंकवाद तो आतंकवाद है। जन-जागरूकता पैदा करने के लिए इसकी निंदा करनी जरूरी होगी। अफसोस की बात है कि सार्वजनिक जीवन में सिद्धांतों और मूल्यों से रहित नेता जटिल राजनीति के बीच मुसलमानों को संदेह के दुष्चक्र में घसीट रहे हैं। उन्हें राष्ट्रीय जीवन की मुख्यधारा में लाने के लिए इसका विरोध और जांच करनी होगी। भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तान के चश्मे से देखना एक भारी भूल होगी।

बेशक वैश्विक आतंकवाद से लड़ने में अमेरिका का अपना एक एजेंडा है। यह सच है कि वाशिंगटन वैश्विक अभियान का एक बहुत बड़ा हिस्सा है, फिर भी अमेरिका की रणनीतियों और भू-राजनीतिक व तेल हितों के साथ आतंकवाद पर भारतीय दृष्टिकोण का शायद ही कोई एकीकरण है।

जमशेदपुर की खबरें

मानगो में मूर्ति अनावरण के दौरान भाजपा व कांग्रेस आमने-सामने, पुलिस ने संभाला मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर के मानगो गोलचक्कर का सौंदर्यीकरण में खुदीराम बोस के अनावरण के दौरान सांसद बिधुत वरण महतो को आमंत्रित नही करने पर भाजपा और कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं आपस में भीड़ गए। शनिवार को ऐसा ही नजारा जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मानगो में देखने को मिला। संविधान दिवस के दिन भाजपाई और कांग्रेसी आमने- सामने नजर आए। बिगड़ते हालात को देख जिला पुलिस ने मोर्चा संभाला।दरअसल मानगो गोलचक्कर का सौंदर्यीकरण कार्य टाटा स्टील की अनुषंगी इकाई जुस्को के द्वारा किया जा रहा है। शनिवार झंडा व खुदीराम बोस के प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। मुख्य अथिति क्षेत्र के विधायक सह मंत्री बन्ना गुप्ता को आमंत्रित किया गया था। भाजपाईओ ने आक्रोशित हो उठे। जुस्को के खिलाफ विरोध में उतर गए। भाजपाई सांसद विद्युत वरण महतो को आमंत्रण नहीं देने से नाराज नजर आए।भाजपाइयों ने मंत्री बन्ना गुप्ता व जुस्को का मौके

पर ही जोरदार विरोध कर दिया। इस दौरान भाजपा और कांग्रेसी आपस में भिड़ गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को बीच- बचाव करना पड़ा। वहीं भारी विरोध के बीच किसी तरह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रतिमाओं का अनावरण किया। मानगो में विकास के प्रति प्रतिबध्दता बताते हुए कार्यक्रम स्थल से मंत्री चलते बने। कार्यक्रम में टाटा स्टील कारपोरेट कम्युनिकेशन के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी सहित जुस्को एवं टाटा स्टील के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। भाजपाइयों ने स्थानीय सांसद के अपमान का आरोप लगाते हुए जोरदार विरोध किया। उधर सामाजिक संस्था बंग बंधु परिषद ने भी जुस्को के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उन्होंने समाज के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए जोरदार विरोध किया। उन्होंने बताया जब मानगो के सौंदर्यीकरण के कार्य का शुभारंभ हुआ तब जिला प्रशासन और जुस्को द्वारा अमर शहीद खुदीराम बोस के प्रतिमा के रखरखाव का जिम्मा बंग बंधु परिषद को दिया, लेकिन जब प्रतिमा अनावरण का समय आया तो समाज के लोगों को मंच तक प्रदान नहीं किया। जिससे समाज के लोग में आहत हैं। समाज के लोगों ने इसके लिए जुस्को को जिम्मेदार ठहराया।

झामुमो नेता महावीर मुर्मू शोकाकुल परिवार से मिले, श्राद्ध कर्म में की मदद

गालूडीह (आजाद सिपाही)। बाघगुड़िया पंचायत अन्तर्गत हालूदबनी गांव के धरमू मुर्मू के माता सिंगो मुर्मू का विगत दिनों देहांत हो गई। स्थानीय झामुमो नेता मार्शल मुर्मू ने घटना की जानकारी झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष महाबीर मुर्मू को दी। उन्होंने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्राद्ध कर्म हेतु सुखा राशन परिवार को उपलब्ध कराया। वही उन्होंने कहा किसी प्रकार की सहायता के लिए झामुमो हमेशा सहयोग में तत्पर रहेगी। वही चाडरी गांव के 74 वर्षीय सुकुरमुनी टुडू का वोटर कार्ड एवं आधार कार्ड में नाम गलत होने से सरकारी लाभ से वंचित होने की जानकारी मिली। उन्होंने दूंगा चरण मुर्मू को से संपर्क कर नाम सही कराने बक निर्देश दिया। मौके पर ठंड को देखते हुए तत्काल उन्हें कंबल सौपा गया। इस दौरान झामुमो नेता दुर्गा मुर्मू, जवाहर लाल मुर्मू, फूलचंद टुडू, पवन टुडू, मनोज तांती, रॉकी सिंह, करन कालिंदी उपस्थित रहे।

बहरागोड़ा प्रखंड में आयुष मेला का मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

बहरागोड़ा। जिले के बहरागोड़ा प्रखंड में आयुष चिकित्सालय के समीप दो दिवसीय आयुष मेला का स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने ऑनलाइन उद्घाटन किया। शनिवार को शिविर का विधिवत शुभारंभ प्रमुख सुषमा सोरेन मुर्मू, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार साहू, जिला आयुष पदाधिकारी डॉ आलोक चंद्र श्रीवास्तव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उत्पल मुर्मू, 20 सुत्री अध्यक्ष असित मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला आयुष पदाधिकारी डॉ आलोक चंद्र श्रीवास्तव ने कहा आयुष मेला से ग्रामीणों को काफी फायदे हैं। आयुष अस्पताल में प्रतिदिन डॉक्टर बैठेंगे। मौजूद

संसाधन से बेहतर इलाज करने का प्रयास किया जायेगा। सरकार की मंशा है बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर में लगभग डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों ने लाभ उठाया। मौके पर निशुल्क दवाई का भी वितरण किया गया। शिविर में स्त्री रोग, सामान्यचिकित्सा, योगा, मातृत्व स्वास्थ्य, होम्योपैथी, औषधि पौधे के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। मौके पर आयुष निर्देशक डॉ फजलस समी, आयुष कोऑर्डिनेटर डॉ अनुज कुमार मंडल, सुपर्णा नायक, आयुष प्रभारी डॉ रणधीर कुमार, डॉ गोपीनाथ महाली, डॉ परमजीत कुमार, डॉ राकेश पाल, डॉ प्रतिमा गोप, डॉ सत्यनारायण भगत समेत सभी सीएचओ, एएनएम, आंगनबाड़ी के पर्यवेक्षक, सेविका शामिल रहे।

जिला जनसंपर्क कार्यालय में संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। संविधान दिवस के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार के नेतृत्व में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के पूर्व देश के संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए जिला जनसंपर्क कार्यालय में

मौजूद अधिकारियों कर्मचारी शपथ ग्रहण कराया गया। इस दौरान उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की सभी ने सीख ली। मौके पर रोहित कुमार, भावेश कुमार शर्मा, विकाश कुमार माली, गौरव कुमार घोष, नितेश जॉन टॉपनो, चंदन कुमार, शारदा कुमारी, कबिता कुमारी शामिल रहे।

शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा के पुनः लोकार्पण की मांग भाजपा ने जताई कड़ी आपत्ति, 48 घंटे का दिया अल्टीमेटम

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मानगो नगरनिगम व जुस्को द्वारा मानगो गोलचकर में खुदीराम बोस की प्रतिमा व सिख धर्म के पवित्र निशान का पुनः लोकार्पण झारखंड सरकार के मंत्री बन्ना गुप्ता और टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी के द्वारा किया गया। वही जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो को आमंत्रण नही करने पर भाजपा मानगो मंडल ने कार्यक्रम का विरोध किया। उस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता के समर्थक व भाजपा कार्यकताओं ने आपस मे जमकर बवाल काटा। जिसके बाद भाजपा कार्यकताओं ने कार्यक्रम का विरोध करते हुए मानगो चौक में धरना पर बैठ गया।

घटना की सूचना सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव एवं जिला के पदाधिकारी को मिलते ही सभी मौके पर पहुचे। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने सांसद को नही बुलाये जाने पर कड़ा विरोध दर्ज किया। मौके पर आयोजनकर्ता पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा मानगो गोलचक्कर में सर्वप्रथम स्वर्गीय मृगेंद्र प्रताप सिंह ने खुदीराम बोस का मूर्ति स्थापित किया था। उन्होंने मृगेंद्र प्रताप सिंह की स्मृति को उस शिलापट्ट पर अंकित करने की मांग की। उन्होंने कहा मानगो मुख्य चौराहा पर जुस्को प्रबंधन द्वारा किये गए सौंदर्यीकरण के तहत महान स्वतंत्रता सेनानी खुदिराम बोस की प्रतिमा और सिखों के पवित्र प्रतीक चिन्ह खंडा को पुनर्स्थापित किया गया है। भाजपा जमशेदपुर महानगर ऐसे कार्यों का स्वागत और सराहना करती है। लेकिन गंदी और घिनौनी राजनीति के तहत पुनर्स्थापना के शिलापट्ट पर केवल पश्चिम विधायक व मंत्री बन्ना गुप्ता एवं वाइस प्रेसिडेंट कॉपोर्रेट, टाटा स्टील चाणक्य चौधरी का नाम अंकित किया गया और सांसद विद्युत वरण महतो के नाम को गायब यह गलत है। उन्होंने कहा लोकसभा के सांसद का अपमान है। जिसे भाजपा जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ता किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं करेंगे।

बाल संरक्षण एवं अधिकार संबंधी अधिनियमों को लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। विकास भवन के सभागार में बाल संरक्षण एवं अधिकार संबंधी विभिन्न अधिनियमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु समाज कल्याण विभाग एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के सयुंक्त तत्वावधान में शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने की। इस कार्यक्रम की शुरुआत में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हम यहां सभी विभाग के पदाधिकारी सम्मिलित हुए हैं, जिससे हम बालक बालिका के मुद्दे पर एक साथ मिल कर कार्य कर पायें। डीडीसी हेमंत सती ने कहा कि सभी विभाग बाल संरक्षण एवं अधिकार सबंधी विभिन अधिनियमों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए समन्वय स्थापित कर कार्य करें और विद्यालय एवं गांव में किशोर किशोरी को हेल्प लाइन नंबर एवं अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दें। कार्यक्रम के अंत में सभी विभाग के प्रतिनिधयों ने इस बात पर सहमती जताई कि एक साथ विभागों को मिलकर समन्वय के साथ बाल अधिकार के मुद्दों पर काम करने की आवश्कता है। कार्यक्रम में गुमला के महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण ईकाई, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग,थाना, चाइल्ड लाइन एवं स3 इंडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

सिसई प्रखंड परिसर में दो दिवसीय आयुष मेला का शुभारंभ

सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड परिसर में शनिवार को विधायक जिग्गा सुसारण होरो व जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर दो दिवसीय आयुष मेला का शुभारंभ किया। वहीं सविधान दिवस के अवसर पर विधायक सहित सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने सविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मेला में यूनानी चिकित्सा, सामान्य चिकित्सा, होम्योपैथी चिकित्सा, आयुर्वेदिक चिकित्सा, औषधीय पौधा, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पोषण, एनसीडी एवं गैर संचारी रोग, सामान्य जांच, योग शिविर एवं कोविड-19 का स्टॉल लगाकर लोगों की जांच व दवा दी गई। मौके पर जिला आयुष पदाधिकारी डॉ प्रेमहंस प्रसाद, प्रखंड प्रमुख मीना देवी, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि उरांव, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, बैबुल अंसारी, दीपक कुमार सिंह, डॉ ललिता मिंज, डॉ नाजिया खातुन सहित कई लोग उपस्थित थे।

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने बच्चों के बीच मनाया संविधान दिवस

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन गुमला द्वारा आज संविधान दिवस के मौके पर गुमला प्रखंड के उत्क्रमित विद्यालय कुम्हारिया एवं सिलाफारी में संविधान दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में संस्था के कर्मी एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया गया तथा मौलिक अधिकारों पर भी चर्चा करने के उपरांत विद्यालय के बच्चों के साथ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय चित्रांकन, लेखन एवं भाषण था। जिसमें लेखन में रूपा कुमारी कक्षा 8, चित्रांकन में संदीप महली कक्षा 8 एवं भाषण में पूजा कुमारी कक्षा 6 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्था के टीम लीडर सुनील वर्मा, कम्युनिटी इंस्ट्रक्टर मोबिलाइजर अजय कुमार वर्मा, सृष्टि भेंगरा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक महावीर गोप एवं कनक भगत, बाल सांसद, शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

किसानों को सुखा राहत का लाभ अवश्य दिलाया जायेगा : सीओ

किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। किस्को प्रखंड क्षेत्र को सूखा क्षेत्र घोषित किये जाने एवं राज्य सरकार की ओर से किसानों को दी जाने वाली लाभ को ले अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बुड़ाय सारू ने अपने कार्यालय कक्ष में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना को लेकर प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की। इधर बैठक के उपरांत अंचल अधिकारी बुडाय़ सारू ने कहा कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड की ओर से लोहरदगा जिले के सभी प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है। इसीलिए फसल राहत योजना के बदले सूखा राहत योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में फसल राहत योजना हेतु पंजीकृत किसान फसल राहत योजना के तहत आधार के माध्यम से सूखा राहत में डाटा अप टू डेट करा लेंगे। औ? जो किसान फसल राहत योजना में भी पंजीकरण नहीं कराए थे वह अवसर का लाभ उठाते हुए सुखाड़ हेतु अपना पंजीकरण करा ले। सीओ ने कहा कि राज्य आपदा मोचन निधि से सुखाड़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को तत्काल राहत हेतु ?3500 राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को निर्देश देते हुए कहा कि 30 नवंबर तक सभी किसानों को जागरूक करते हुए मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना हेतु पंजीकृत करें।

बालूमाथ पुलिस ने टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र यादव को किया गिरफ्तार

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ थाना पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर उपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी टीम का गठन किया गया। जिसके तहत शनिवार की सुबह करीब 4:00 बजे बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत झाबर ग्राम के पास से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर उपेंद्र यादव (24) पिता राजेंद्र यादव, ग्राम भदेई बथान, थाना मनिका, जिला लातेहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादी के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई उग्रवादी कांड दर्ज हैं। उक्त उग्रवादी के द्वारा व्हाट्सएप कॉल मैसेज के माध्यम से टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के नाम पर जिले में चल रहे विकास कार्य में लगे संवेदको, कोयला कारोबारियों एवं अन्य व्यवसायियों से रंगदारी लेवी की मांग की जाती थी। पूर्व में उक्त उग्रवादी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य भी रह चुका है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बालूमाथ, मनिका व लातेहार थाना में कई मामले दर्ज हैं। वही गिरफ्तार उग्रवादी के पास से एक छोटा मोबाइल, एक एंड्राइड मोबाइल, एक छोटा पैकेट डायरी बरामद किया गया है। छापेमारी अभियान में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, एसआई नीतीश कुमार, एसआई दुती कृष्ण महतो समेत सहस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

कार्यक्रम : लोहरदगा में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया, संविधान का प्रस्तावना पढ़ी गयी

संविधान की प्रस्तावना ही संविधान की आत्मा : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

छात्र-छात्राओं को संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की दिलायी गयी शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना ही संविधान की आत्मा है। संविधान के उद्देश्य को समझने के लिए संविधान की प्रस्तावना को ध्यान से पढ़ना बहुत जरूरी है। संविधान को तैयार करने में काफी मेहनत लगी थी। 200 वर्षों की अंग्रेजी शासन से जब देश आजाद हुआ तो देश को नये संविधान की जरूरत थी। संविधान के कारण ही 26 जनवरी 1949 को ही हम सभी सार्वभौम हुए।

उक्त बातें उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आज नया नगर भवन, लोहरदगा में संविधान दिवस के मौके पर शिक्षा विभाग, लोहरदगा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही। उपायुक्त ने कहा आज छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना को अवश्य पढ़ना चाहिए, समझना चाहिए। छात्र-छात्राओं को अपना तार्किक क्षमता को विकसित करना चाहिए। किसी भी विषय में अपने तर्क का इस्तेमाल अवश्य करें। वैज्ञानिक दृष्णिकोण से किसी भी विषय को समझने व अपनाने की आदत डालें। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में नया नगर भवन, लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गयी। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलायी गई।

समाहरणालय सभागार में पढ़ी गयी संविधान की प्रस्तावना : संविधान दिवस (26 नवंबर) के मौके पर आज संविधान की प्रस्तावना समाहरणालय सभागार समेत विभिन्न जिला स्तरीय कार्यालयों में पढ़ी गयी। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना में निहित प्रावधानों को आत्मार्पित करने का संकल्प लिया गया।

मौके पर कार्यपालक दण्डाधिकारी अमित बेसरा, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक अलमल इंदु उरांव, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप कुमार, अवर निबंधक, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार, समेत अन्य सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी व कर्मी गण उपस्थित थे।

व्यवहार न्यायालय में संविधान प्रस्तावना पाठ के साथ 'संविधान सप्ताह' का शुभारंभ

डालसा सचिव राजेश कुमार ने दी कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नयी दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आज व्यवहार न्यायालय के प्रांगण में जिला न्यायपालिका के न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मियों, पीएलवी, न्यायालय में प्रतिनियुक्ति पूलिस बलों ने संयुक्त रूप से संविधान का उद्देशिका 'हम भारत के लोग' का पाठ किया। साथ ही संविधान की उद्देशिका के बारे में एक संक्षिप्त सत्र का आयोजन किया गया। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सचिव राजेश कुमार ने बतलाया की राजेंद्र बहादुर पाल जो प्राधिकार के अध्यक्ष हैं के मार्गदर्शन में डालसा, लोहरदगा दिनांक 26 नवंबर से 02 दिसंबर तक 'संविधान सप्ताह' मना रहा है। जिस की विधिवत शुरूआत आज संविधान दिवस के दिन संविधान के प्रस्तावना पाठ के साथ किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं मूल कर्तव्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 27 नवंबर को 'प्रभात फेरी' निकाली जाएगी जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चे हाथ में नख्तिया लेकर शहर के लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करेंगे। 28 नवंबर को संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों, मूल दायित्व एवं अन्य मानवीय अधिकारों से लोगों को रू-ब-रू करने के आशय से जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। जेल के कैदी एवं बाल संप्रेक्षण गृह में बंद बच्चों के साथ-साथ विभिन्न गांवों एवं विद्यालयों के बच्चों पर फोकस किया जाएगा। 29 नवंबर को 'मौलिक कर्तव्य' को लेकर बच्चों के बीच भाषण व निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 30 नवंबर को संविधान का महत्व तथा मौलिक कर्तव्य को लेकर विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दिनांक 1 दिसंबर 2022 को भारतीय संविधान के महत्व को दशार्ते हुए प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

2 दिसंबर को भारतीय संविधान के विभिन्न पहलु, विषय पर कार्यशाला आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

लोक अदालत में 38 वादों का किया गया निष्पादन

व्यवहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण में मासिक लोक अदालत का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को व्यवहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला जज अखिल कुमार ने लोक अदालत के बेंचों का निरीक्षण किया तथा न्यायिक पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा मामले निष्पादन करने हेतु निर्देश दिए। इस लोक अदालत में कुल 06 बेंच बनाए गए थे। जिसमें कुल- 38 वादों का निष्पादन किया गया जिसमें कुल 5,20,850 रुपये राजस्व की वसूली की गई।

इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत में लंबित वादों के निष्पादन के उपरांत 05 लाभुकों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार तथा अन्य न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा कुल रु. 79200 रु. राशि के चेकों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मो. नसीर अहमद, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शशिभूषण शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार श्रीमति स्वाति विजय उपाध्याय, अनुमण्डल न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, लातेहार राहुल कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रिका राम, सदस्य डॉ मुरारी झा, मो. शकील अख्तर एवं अधिवक्तागण एवं व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, पत्रकारगण एवं अन्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

व्यवहार न्यायालय परिसर लातेहार में की गयी संविधान सप्ताह की शुरुआत

लातेहर (आजाद सिपाही)। नालसा दिल्ली और झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर लातेहार में संविधान दिवस के अवसर पर उद्देशिका के पठन के साथ 26.11.2022 से 02.12.2022 तक संविधान सप्ताह की शुरुआत की गई। इस पर अवसर पर अखिल कुमार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार प्रधान न्यायधीश राजीव आनन्द, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मो. अब्दुल नसीर, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शशिभूषण शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्वाती विजय उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे।

डेढ़ माह में अस्पताल में ब्लड स्टोरेज चालू होगा : डॉ दिनेश कुमार

अल्ट्रासाउंड और इसीजी मशीन चालू करने के सीएस ने दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

चंदवा। चंदवा लातेहार सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक शिविर में भाग लेने आये थे। उसी क्रम में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने चंदवा के सीएचसी की आवश्यकताओं को बतलाया। रवि कुमार डे, असगर खान, अयुब खान, कांग्रेसी नेता निर्मल भारती ने मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया।

अस्पताल में मोक्ष वाहन उपलब्ध कराने के लिए उनका शुक्रिया अदा भी किया, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान सीएचसी में स्वास्थ्य सेवा और बेहतर करने के लिए अस्पताल में ब्लड स्टोरेज शीघ्र ही चालू करने का अनुरोध किया। इसपर सीएस ने कहा कि मोक्ष वाहन उपलब्ध करा दिया गया है। कमेटी बनाकर इसका संचालन करें, बिना कमेटी की गाड़ी नहीं चल पाएगी, गाड़ी का ड्राईवर और इंधन का खर्च की व्यवस्था ग्रामीणों को ही करना है, मोक्ष वाहन बिना कमेटी के नहीं चल पाएगा और रखरखाव भी ठीक तरीके से नहीं हो पाएगा, कमेटी का गठन कर इसका संचालन होने से इसकी सुविधा आप लंबे समय तक उठा सकते हैं। ब्लड स्टोरेज चालू करने के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नंदकुमार पांडे को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि डेढ़ माह में ब्लड स्टोरेज चालू करा दिया जाएगा। नेताओं के आग्रह पर अल्ट्रासाउंड और ईसीजी मशीन भी चालू कराने के निर्देश प्रभारी को दिये हैं।

सिविल सर्जन दो दिवसीय आर्युवेद कैंप का निरीक्षण करने चंदवा सीएचसी आए हुए थे।

मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नंदकुमार पांडे, डॉ तरूण जोश लकड़ा, डॉक्टर श्यामनंदन तिवारी, अस्पताल कर्मी प्रवीण कुमार भोला, हसीब आलम, धनेश्वर प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

अलग-अलग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

सिसई (आजाद सिपाही)। सिसई पुलिस ने अलग-अलग मामले में शनिवार को हरमू रांची निवासी दीपक साहू (24) व मुर्गू गांव निवासी सुलेचन उरांव (28) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि दीपक के विरुद्ध अपनी प्रेमिका का जबरदस्ती गर्भपात कराने व उसकी मौत के मामले में मृतका के पिता जेरकु साहू ने गुरुवार को केस दर्ज कराया था। वहीं सुलेचन उरांव के विरुद्ध खान निरीक्षक राजेश हंसदा ने 29 नवंबर 2020 में अवैध उत्खनन का मामला दर्ज कराया था।

प्रेमिका पर हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

रायडीह (आजाद सिपाही)। प्रेमिका पर जानलेवा हमला करने वाला प्रेमी जोनशन खेस को रायडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को गुमला जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आरोपी जोनशन खेस रायडीह थाना क्षेत्र के पीबो का रहने वाला है और वर्तमान में दिल्ली में काम कर रहा था। रायडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज कर थाना प्रभारी अमित कुमार ने छापामारी कर आरोपी जोनशन खेस को शुक्रवार रात्रि गिरफ्तार कर शनिवार को गुमला जेल भेज दिया। वहीं घायल रोशनी कुजूर का इलाज रांची रिम्स में चल रहा है।

शिक्षक नियुक्ति का साक्षात्कार 1 दिसंबर को

गुमला (आजाद सिपाही)। मदरसा इस्लामिया फैजे आम सिसई रोड गुमला में शनिवार को अध्यक्ष खुर्शीद आलम की अध्यक्षता में मदरसा प्रबंध समिति की बैठक हुई। झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग के निदेशक के आदेश से एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला के निर्देशानुसार सरकार के एसपीएमएम योजना के अंतर्गत विज्ञान, गणित और अंग्रेजी के तीन शिक्षकों की बहाली के लिये पूर्व से साक्षात्कार की तिथि 3 अक्टूबर 22 निर्धारित था, परंतु दुर्गा पूजा का सरकारी अवकाश रहने के कारण उक्त निर्धारित तिथि को साक्षात्कार की कार्यवाही को स्थगित कर दी गयी थी। प्रबंध समिति के सदस्यों की सहमति से इस नियुक्ति हेतु दिनांक 01 दिसम्बर 22 को पूर्वाह्न 11 बजे साक्षात्कार की तिथि निर्धारित की गई है। बैठक में मदरसा के प्रधान मौलवी राशेडदुल कादरी, प्रबंध समिति के सचिव अब्दुल जब्बार रजवी, शिक्षक प्रतिनधि अनवारुल हक, अध्यक्ष खुर्शीद आलम एवं अन्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रबंध समिति के अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने दी।

बंजारा आश्रय एवं नालियां की सफाई की मांग

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन, नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी और नगर सचिव ज्योति गलोरिया कुजूर के नेतृत्व में जिला प्रसाशन एवं नगर प्रशासन बंजारा आश्रय एवं गुमला नगर परिषद की सभी नालियों की सफाई को लेकर मांग पत्र सौंपा। सैयदा खातुन ने कहा कि गुमला में बहुत ऐसे मजदूर, बुजुर्ग, असहाय एवं दिव्यांग जो सुदूरवर्ती एरिया से आते हैं। गुमला आने के बाद उनका ठंड से बचने के लिये कोई ठिकाना नहीं रहता है। कभी कभी अत्यधिक ठंड से असाहय लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। इन लोगों की समस्याओं पर ध्यान देते हुए त्वरित बंजारा आश्रय बनाने की मांग की। ज्योति कुमारी ने बताया कि गुमला नगर परिषद की गंदी नालियों की वजह से मच्छरों का भी प्रकोप बना रहता है जो कई बीमारियां को भी आमंत्रित कर रहा है।

युवाओं को संविधान का ज्ञान भी जरूरी : मिशन बदलाव

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव कामडारा टीम ने बाबा साहब भीम राव अंबडेकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए प्रतिज्ञा लेते हुए कहा कि युवाओं को देश के प्रति अपने कर्तव्यों पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही उन्हें संविधान का ज्ञान होना चाहिए। मिशन बदलाव कामडारा सलाहकार समिति सदस्य रामबालक बड़ाईक, जेम्श होरो और सिकन्दर सिंह ने कहा कि युवाओं को हमारे महान व्यक्तित्वों के विचारों को समझने की जरूरत है। जिन सपनों के लिए उन्होंने संघर्ष किया, उन्हें पूरा करने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं की जिम्मेदारी है कि वे हमारे देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाएं। हम अपने लोकतांत्रिक देश में कैसे बदलाव ला सकते हैं ताकि हर नागरिक प्रगति का हिस्सा बन सकें यह जिम्मेदारी भी युवाओं की है। देश के प्रति युवाओं के कर्तव्य पर बोलते हुए मिशन बदलाव टीम ने अपील की और कहा कि हमें न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए, बल्कि देश के प्रति हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं, जिनका निर्वहन करना आवश्यक है। युवाओं को अपने कर्तव्यों पर अधिक जोर देना होगा क्योंकि संविधान हमारे अधिकारों की गारंटी है।

संवैधानिक विषयों को लेकर संगोष्ठी का आयोजन

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के अवसर पर बनारी पंचायत स्थित कोकोटोली गांव में प्रदत्त संवैधानिक प्रावधान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रमेश उरांव ने की। संगोष्ठी का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर जनार्दन टाना भगत ने कहा कि आदिवासी हितों के मद्देनजर कई संवैधानिक प्रावधान किए गए हैं। इसके बावजूद संविधान का खुल के उल्लंघन किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित पड़हा बेल के सतीश उरांव ने कहा कि संविधान की पांचवीं एवं छठवीं अनुसूची में ऐसी व्यवस्था की गई है कि अगर उनके अनुसार कार्य किया जाता तो आदिवासी आज वर्तमान मनुवादी राजनीतिक वर्चस्व से मिल जाते। जिसको लेकर हमें सजग रहने की जरूरत है। मौके पर नंदलाल टाना भगत, संतोष टाना भगत, रमेश उरांव, दीप लाल नगेसिया, चामु उरांव, अजीत उरांव, लक्ष्मण उरांव, अंजिता उरांव, प्रभा सहित कई लोग उपस्थित थे।

लोहरदगा ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा-रांची पैसेंजर ट्रेन के आगे सामने से कूद कर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। ट्रेन का वीडियो बनाने के दौरान पूरी घटना कैमरे में कैद हो गयी। मृतक युवक की पहचान पिंटू मंडल के रूप में हुई। युवक काम की तलाश में जामताड़ा के बरहरवा से लोहरदगा आया था। रांची से लोहरदगा आ रही पैसेंजर ट्रेन शाम करीब साढ़े चार बजे जब इरगांव रेलवे स्टेशन के पास से गुजर रही थी, तभी युवक अचानक ट्रेन की पटरी पर आ गया और ट्रेन की ओर ही आगे बढ़ने लगा। ट्रेन का लंबा हार्न बजा। लेकिन युवक ट्रैक से नहीं हटा और खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में ले लिया।

कोल्ड स्टोर का घटिया निर्माण देख भड़के जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष

मनिका (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड स्थित प्रखंड के लैंपस कंपाउंड में बन रहे कोल्ड स्टोर का घटिया निर्माण को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान भड़क उठे। उन्होंने कहा अनियमितता किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोल्ड स्टोर का घटिया निर्माण को लेकर विरोध जताते हुए कहा कि कोल्ड स्टोर निर्माण की नींव एक फीट है एवं निर्माण घटिया किस्म का मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है। घटिया बालू और साथ में ईट का भी घटिया तरह से किया जा रहा है। बिम का छड़ 10 एमएम, रिंग 6 एमएम का है। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष बबन पासवान, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र भारती, कामाख्या प्रसाद, भाजपा मंडल अजीत कुमार समेत कई ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम : 32 करोड़ की तीन योजनाओं का मंत्री ने किया शिलान्यास, कहा

पर्यटन स्थल गुरु सिंधु पहुंचना अब होगा आसान

चिनिया में उपलब्ध होगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनिया प्रखंड में करीब 32 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली तीन योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शनिवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजना में करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र चिनिया, लगभग सात करोड़ रुपए की लागत से बेता रोड एवं करीब 15 करोड़ रुपए की लागत से गुरुसिंधु रोड का निर्माण शामिल है। मंत्री ने कहा कि गुरुसिंधु रोड के निर्माण से जिले का अति मनोहारी जलप्रपात पर्यटन स्थल गुरुसिंधु तक पर्यटक अब आसानी से पहुंच सकेंगे। चिनिया प्रखंड के राजबांस से गुरुसिंधु तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। करीब 11 किमी लंबी इस सड़क का निर्माण राजबांस मुख्य पथ कदवा मोड़ से तहले, चपला होते हुए गुरुसिंधु जलप्रपात तक पीडब्ल्यूडी मापदंड के अनुसार किया जाएगा। इसके निर्माण से राजबांस, डोल, चपकली आदि गांव के ग्रामीणों को भी लाभ मिलेगा। चिनिया एवं रंका प्रखंड के अन्य सुदूरवर्ती गांव गढ़वा जिला मुख्यालय एवं रंका अनुमंडल मुख्यालय से जुड़ जायेंगे। बेता रोड का निर्माण बिलैती खैर मोड़ से चिरका होते हुए रणपुरा तक करीब 10 किलोमीटर किया जाएगा। इस सड़क से बेता एवं खुरी पंचायत के एक दर्जन से अधिक गांव सीधे पक्की सड़क से जुड़ जाएंगे। इस रोड के निर्माण होने से बेता पंचायत से चिनिया प्रखंड की दूरी में सात किलोमीटर की बचत होगी। ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए 15 किलोमीटर घूम कर नहीं जाना पड़ेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य भवन सहित चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों के लिए आवास एवं चहारदीवारी आदि की व्यवस्था होगी। अत्याधुनिक एवं सर्व सुविधा संपन्न स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाएगा। अब तक चिनिया प्रखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था की घोर कमी रही है। इसके निर्माण से पूरे प्रखंड वासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिपस बनारसी सिंह, प्रमुख सुनैना देवी, उप प्रमुख फारुख अंसारी, बेता मुखिया रामेश्वर सिंह, उप मुखिया सरिता देवी, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, रामनाथ तूरी, हीरामन सिंह, आदिवासी महासभा के अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार, बंधु यादव, राम सागर यादव, बंशीधर यादव, हरिओम यादव, बेलाल अंसारी, सिराज अंसारी, इलियास अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

संविधान दिवस पर मंत्री ने बाबा साहब को किया नमन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के अवसर पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर को नमन किया। मंत्री ने शनिवार को चिनियां बाजार स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में देश के प्रत्येक नागरिक को एक समान हक एवं अधिकार प्रदान किया है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान चिनियां पहुंचे मंत्री ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य मरहूम अयूब मंसूरी के घर पहुंच कर उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि हत्या पर राजनीति करने वालों को सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व अपराधियों ने अयूब मंसूरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

पलामू में गर्व करने के लिए कई महान विभूतियां: उपायुक्त

पलामू से संविधान सभा के सदस्य रहे यदुवंश सहाय एवं अमीय घोष को किया गया याद

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा मेदिनीनगर शहर के गांधी स्मृति टॉउन हॉल में चल रही तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन शनिवार 26 नवंबर को हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू के उपायुक्त आंजनेयुलु डोड्डे, प्रख्यात फिल्म निर्देशक श्रीराम डाल्टन, प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका श्रीमती मेघा डाल्टन, वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्रा सुमन, गिरिवर प्लस टू स्कूल के प्राचार्य नीरज कुमार द्विवेदी, संविधान निमार्तृ समिति के सदस्य के वंशज सुधीर सहाय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया इसके प्रश्चात सभी अतिथितयों को शॉल एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु डोड्डे ने कहा कि आज जो बच्चे यहां खिलखिलाकर हंस-बोल रहे हैं यह भारतीय संविधान के कारण ही संभव हो पाया है। हमारे महान नेतृत्वकताओं ने देश का महान संविधान बनाया है और सभी लोगों को बराबरी का अधिकार दिया है। आज एक गरीब भी अधिकारी बन सकता है और समान मौके पास सकता है। भारत विश्व का सबसे बड़ा और सफलतम लोकतंत्र है तो इसका कारण हमारा संविधान है। पलामू में गर्व करने के लिए कई महान विभूतियां हैं। श्री यदुवंश सहाय और श्री अमीय कुमार घोष जैसे लोग यहां की धरती पर जन्मे हैं। हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियां से सीख लेकर उनके आदर्शों पर चलना है। इससे पहले क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने स्वागत भाषण देते हुए आजादी का अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस मनाने के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। मेघा डाल्टन ने कहा कि पलामू में असीम संभावनाएं हैं। वे अपनी गीतों के माध्यम से पलामू का नाम देश में रोशन करने का कार्य कर रही है। श्रीराम डाल्टन ने कहा कि इस तरह की चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से पलामू के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में लोगों को जानने का मौका मिला। धन्यवाद ज्ञापन गिरिवर स्कूल के प्रचार्य ने किया जबकि संचालन तकनीकी सहायक अंजनी मिश्रा ने किया। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षकों सहित क्षेत्रीय प्रचार सहायक श्री मनोज कुमार उपस्थित रहे।

प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

चित्र प्रदर्शनी के अंतिम दिन गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गिरिवर प्लस टू स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतियोगिता के पांच-पांच विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

राज्यसभा सांसद ने किया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन, उद्देशिका का पाठ किया

बिहार से राज्यसभा सांसद शंभू शरण पटेल ने शनिवार को चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं इसकी काफी सराहना की। संविधान दिवस के मौके पर श्री पटेल ने संविधान की उद्देशिका का पाठ किया एवं उपस्थित लोगों से संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। सांसद महोदय ने कहा कि इसी हॉल में बैठकर उन्होंने 10वीं की परीक्षा लिखी थी। सांसद महोदय ने सेल्फी बूथ में फोटो भी खिंचायी।

आरके पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा में संविधान दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक ने संविधान के जनक बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा संविधान हमारे देश का गौरव है। विश्व का बड़ा संविधान है जो अपने आप में अनूठा है। हमारा संविधान हस्तलिखित है जिसे तैयार करने में लगभग तीन वर्ष लगे। यह हमारे पलामू के लिए हर्ष व गर्व की बात है कि तत्कालीन बिहार से 36 लोग इस संविधान सभा के सदस्य थे और इन 36 सदस्यों में पलामू से भी यदुवंश सहाय उर्फ यदु बाबू और अमिय कुमार घोष उर्फ गोपा बाबू भी शामिल थे। संविधान के निर्माण में पलामू के इन दो सपूतों के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता। स्कूल असेम्बली में अनुप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में स्कूल के सभी शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली। इस अवसर पर कृष्णा रंजन, नन्दलाल गुप्ता, गीता पाण्डेय, अहमद राजा, इम्तियाज खान, सनोज यादव, श्वेता पाण्डेय व अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

मेराल में संविधान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

मेराल (आजाद सिपाही)। अपने संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करने तथा उसमें निहित मौलिक तथ्यों की जानकारी से अवगत होने एवं उसके अनुरूप आचरण प्रदर्शित करने हेतु शनिवार को संविधान दिवस का आयोजन प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायतों सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में किया गया। प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ प्रवेश कुमार साव की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें सभी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। वहीं ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी के सभागार में मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडी मेमोरियल एकेडमी में विद्यार्थियों के बीच भाषण एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए बाबा साहब की तस्वीर तथा संविधान से संबंधित असाइनमेंट को प्रदर्शित किया गया। साथ ही रघुराई राम की अगुवाई में संत रविदास आश्रम संगवरिया स्थित बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित घर संविधान दिवस मनाया गया।

बंशीधरनगर अनुमंडल मुख्यालय ट्रॉमा सेंटर परिसर में दो दिवसीय आयुष मेला का आयोजन

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर परिसर में शनिवार को दो दिवसीय आयुष मेला का आयोजन किया गया। आयुष मेला का शुभारंभ जिला आयुष पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार एवं अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ बीडीओ श्रवण राम, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, डॉ रामानुज प्रसाद, डॉ गोरखनाथ पांडेय, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ प्रभात कुमार, डॉ राकेश रंजन गुप्ता, सीएचओ दिनेश कुमार, प्रेमा लकड़ा, एएनएम ममता कुमारी, इरफान अंसारी, चंद्रपति सिंह, सुनील कुमार, विजय पाठक सहित सभी सहिया व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

बंशीधर नगर प्रखंड कार्यालय परिसर में संविधान दिवस मनाया गया

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम ने प्रखंड व अंचल के सभी कर्मियों को शपथ दिलायी। संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माण कर्ताओं को याद कर नमन किया तथा संविधान के प्रस्तावना का पाठ किया गया। मौके पर अंचल पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा, अंचल निरीक्षक दुखन राम, सहायक अभियंता मनरेगा अखिलेश कुमार गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजदीप कुमार, प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रखंड सहायक वेद प्रकाश, कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद केशरी, प्रखंड नाजिर बृज वासनी कुमारी, प्रखंड समवन्यक पंचायत राज कौशल कुमार, प्रखंड समवन्यक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, रोजगार सेवक आनंद कुमार विश्वकर्मा, श्रवण राम सहित प्रखंड व अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

निगम को ठेकेदार चारागाह ना समझें : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने सख्त तेवर में कहा कि कई संवेदक निगम का कार्य घटिया कर रहे हैं जिसकी शिकायत प्रतिदिन मुझे आम लोगों से मिल रही है। जल्द ऐसे कार्य करने वाले संवेदको पर कार्रवाई करते हुए संबंधित जूनियर इंजीनियर जिनकी देखरेख में ऐसा घटिया कार्य हो रहा है उनको भी सोकोज किया जायेगा। महापौर ने यह भी कहा मुझे कई मोहल्लों से शिकायत मिली है संवेदक कार्य करने के बाद स्थल पर कचरा छोड़ दे रहे जो गंदगी के साथ रोड को भी बाधित कर रहा। जरूरत पड़ी तो उपायुक्त से मिलकर नए जूनियर इंजीनियर देने की बात भी करूंगी। महापौर ने कहा जल्द टीम गठित कर मेरे नेतृत्व में जांच किया जायेगा और जिन संवेदको का काम घटिया पाया जायेगा। इस बार बोर्ड से उस संवेदक को ब्लैक लिस्ट एवं जूनियर इंजीनियर को निगम से हटाने की कार्रवाई भी की जायेगी। महापौर ने कहा कि मैंने निगम को निर्देशित कर दिया है जब तक मैं स्वतः पूरी टीम के साथ जांच ना कर लूं संवेदको के भुगतान पर रोक लगाई जाती है। महापौर ने कहा निगम को ठेकेदार चारागाह ना समझे निगम में वही संवेदक निगम का कार्य करें जिसके कार्यों की तारीफ मोहल्ले में हो अन्यथा भुगतान तो भूल जाए ब्लैक लिस्ट होने को भी तैयार रहे। महापौर ने एक व्हाट्सएप नंबर 9153964344 जारी करते हुए कहां निगम क्षेत्र में जहां भी घटिया काम हो रहा है उस मोहल्ले के लोग एक पिटीशन बनाएं उसमें न्यूनतम 20 लोगों का साइन कर- के शिलान्यास शीला पट के फोटो एवं चल रहे कार्य का फोटो वार्ड नंबर एवं मोबाइल नंबर के साथ मंगलवार से व्हाट्सएप पर भेजें चाहे वह कितना भी रसूख वाला ठेकेदार होगा तुरंत कार्रवाई होगी।

दो वाहनों के आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार की मौत

गढ़वा (आजाद सिपाही)। मेराल बंका मार्ग पर शनिवार को मोटरसाइकिल एवं ट्रक के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक मेराल थाना क्षेत्र के संगबरिया गांव निवासी शिवकुमार राम का पुत्र उमेश कुमार राम 28 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि उमेश कुमार राम का गैरेज गांव में है शनिवार को वह अपनी गाड़ी से मोटरसाइकिल लेकर गढ़वा सामान लेने के लिए आ रहा था। इसी दौरान मेराल में यादव टोला के पास एक ट्रक ने उसकी मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया इसके बाद उमेश कुमार राम गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए मेराल अस्पताल में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना के बाद ट्रक चालक ने ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

केंद्रीय राज्यमंत्री को पर्यावरणविद और पार्षद ने कपूर का पौधा देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर अनुमंडल के हरिहरगंज और चेगौना बाबा धाम पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु एवं वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी को पर्यावरण धर्म के तहत हिमाचल का कपूर का पौधा देकर सम्मानित किया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी से आगरह किया है कि सेंट्रल का जल जीवन मिशन योजना के तहत छतरपुर, नौडीहा बाजार, हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड के सभी पंचायतों के घरों में नल लगाकर पेय जल देने का डीपीआरओ तैयार है। पर अभी तक निविदा नहीं कराया गया है जल्द निविदा कराकर काम शुरू कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया है कि सोन नदी से पाइपलाइन के द्वारा पानी लाकर घर घर में नल और जल पहुंचाने का केंद्र सरकार का योजना है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने बताया कि 2001 से सिंचाई के लिए पानी पंचायत और स्वच्छ जल पीने के लिए नल जल योजना की लगातार केंद्र सरकार से मांग कर रहे थे जिसमें 2007 में पानी पंचायत कार्यालय का उद्घाटन मेदिनीनगर के पर्यावरण भवन में पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा जी के द्वारा किया गया था और 2013 में पानी पंचायत नीति पूरे देश में लागू कर दिया गया था परंतु घर घर नल घर-घर जल पहुंचाने का योजना वर्षों से लंबित था परंतु केंद्र सरकार ने इस योजना को लागू कर लोगों को पानी पिलाने जैसी पुण्य का कार्य किया है और मेरा बसों का सपना साकार हुआ है छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने क्षेत्र में जल के लिए भीषण समस्या पर काबू पाने के लिए जल जीवन मिशन को यथाशीघ्र टेंडर कराकर उसका काम शुरू कराने की अपील की है। उक्त अवसर पर पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार भुइया, छतरपुर पाटन विधायिका पुष्पा देवी ,भाजपा के वरीय नेता मनोज कुमार सिंह, विनोद सिंह, सुजीत कुमार जायसवाल, सुभाष गुप्ता, रमेश भुईयां, कमलेश यादव,पूरण यादव समेत छतरपुर पूर्वी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पलामू पुलिस अधीक्षक पहुंचे हुसैनाबाद थाना, दिए कई निर्देश

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के दिन शनिवार को पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा हुसैनाबाद थाना पहुंचे, थाना पहुंचने के बाद विभिन्न मामलों की गहनता से जांच करते हुए पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से अवगत हुए, साथ ही उन्होंने थाना में दर्ज एसआर और नन एसआर संबंधित केस का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने थाने में दर्ज किये गये मामलों के निष्पादन एवं कांड के आरोपी बनाये गये लोगों पर अब तक की गई करवाई के संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी सौरभ कुमार से जानकारी ली। एसपी ने थाना प्रभारी को गंभीर मामलों में दर्ज कराये गये कांडों पर त्वरित करवाई करते हुए ससमय आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के अलावा नामजद लोगों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, साथ ही समय समय पर वाहन चेकिंग के साथ गस्ती अभियान तेज करने की बात कही, एसपी ने कहा की हम सभी को संविधान के दायरे में रहकर काम करने की जरूरत है। भारत का संविधान ही हमलोगों के लिए सर्वोपरि है। मौके पर एसडीपीओ पूज्य प्रकाश, पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार, एसआइ सुचित राणा, रीडर अशोक कुमार के अलावा कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

अनुमंडल कार्यालय और थाना परिसर में मनाया गया संविधान दिवस

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय सभागार में एवं थाना परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ कमलेश्वर नारायण और थाना परिसर में एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। शपथ पूर्व संविधान निर्माता भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगो ने संविधान की प्रस्तावना का एक स्वर में पाठ भी किया। मौके पर अनुमंडल कार्यालय के प्रधान सहायक भीम दयाल रमण, लिपिक पप्पू राज, टिंकू कुमार चौधरी, सहायक ब्रजेश कुमार सिंह, अनुसेवक असेंदर प्रसाद, सतेंदर कुमार, सूर्यनाथ प्रसाद, निर्मला कुंवर,अनिल कुमार चौधरी, राजू रंजन कुमार, अधिवक्ता रामचंदर सिंह, धनंजय सिंह, कंहाई कुमार, श्याम नाथ सोनी, नवल किशोर, ताईद सतेंदर सिंह समेत थाना परिसर में पुलिस के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

वैसा गांव जहां विद्युतीकरण नहीं हुआ हो उनकी सूची तैयार करें : वीडी राम

निगरानी समिति की बैठक में सांसद ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। सांसद वीडी राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में की गयी। सांसद श्री राम के अलावे उपायुक्त रमेश घोलप, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, नगर उंटारी एवं रंका तथा विधायक प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। बैठक के दौरान मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता, विद्युतीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, कल्याण, श्रम विभाग, आपूर्ति, मत्स्य, सामाजिक सुरक्षा, आवास, कृषि आदि विभागों का समीक्षा की गयी। सांसद द्वारा बैठक में आए सभी लोगों का परिचय प्राप्त कर स्वागत किया गया। पूर्व की बैठक में दिए गये बिंदुओं पर कार्यवाही एवं अनुपालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई। सांसद ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अच्छी बात है कि सभी विभागों के द्वारा अपने-अपने दिए गए बिंदुओं पर अनुपालन प्रतिवेदन सभी की तरफ से उपलब्ध कराया गया है। समीक्षा के क्रम में सांसद द्वारा वैसे वैसे गांव जहां विद्युतीकरण नहीं हुआ है उनकी सूची तैयार करने हेतु कहा गया एवं जहां-जहां कस्तूरबा विद्यालय बनकर तैयार है उन्हें यथाशीघ्र हैंडओवर कर चालू करने हेतु निर्देशित किया गया। गढ़वा मंझिआव कांडी पथ निर्माण पर चर्चा की गई एवं पथ निर्माण में गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया। सांसद द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी सिविल सर्जन से ली गई एवं कहा गया कि कोई भी अवैध क्लिनिक संचालित ना हो इसका ध्यान रखा जाए एवं अधिकारिक जेनरिक दवाएं मरीजों को लिखा जाए ताकि कोई भी व्यक्ति गुणवत्तापूर्ण दवाओं के साथ-साथ सस्ती एवं अच्छी दवाएं खरीद सकें।

उपायुक्त श्री घोलप द्वारा स्वास्थ्य सुचिता प्रोजेक्ट की जानकारी सांसद को दी गयी, जिसके उपरांत सांसद द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने के लिए जिला प्रशासन की प्रशंसा की गयी। कृषकों के बीज वितरण एवं किसानों के धान अधिप्राप्ति का बकाया भुगतान राशि का भुगतान करने से संबंधित चर्चा की गई। विद्यार्थियों को मिलने वाले छात्रवृत्ति की राशि पर चर्चा की गई एवं कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि कोई भी योग्य छात्र अथवा छात्रा इस योजना से वंचित न हो सके इसका ध्यान रखें। सांसद द्वारा आदर्श ग्राम गरबांध के स्कूल में मूलभूत आवश्यकताओं के अभाव में चर्चा करते हुए वहां सभी मूलभूत आवश्यकताएं मुहैय्या कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। एनएच75 के कुछ हिस्सों में साइड पास बनाने हेतु एनएच के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सड़क निर्माण, सामाजिक सुरक्षा विभाग के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं पेंशन योजनाओं, वन पट्टा, खनन, आपूर्ति आदि महत्वपूर्ण विभागों का ही बारी-बारी चर्चा की गयी एवं आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश दिए गए। डीडीसी गढ़वा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। मीटिंग में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं समाहरणालय तथा प्रखण्डों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने लिया संज्ञान, सात साल बाद गेंदा रजवार को अब मिलेगा पेंशन और राशन

बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह बाजार निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता अपने कार्यों से हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। इसी के तहत चंदनक्यारी पश्चिमी पंचायत की 67 वर्षीय वृद्धा गेंदा रजवार के पति का निधन होने के बाद उनका भरण पोषण करने वाला कोई नहीं है। पेंशन व राशन के लिए सरकारी बाबुओं के दरवाजे खटखटाते रह गई, लेकिन निराशा ही हाथ लगी। एक दैनिक अखबार ने गेंदा रजवार की आपबीती को छापा जिसके बाद सामाजिक कार्यकर्ता ने अखबार की कतरन को लेकर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो को ट्वीट कर अवगत कराया। स्पीकर ने मामले को संज्ञान में लेकर बोकारो डीसी को मदद का निर्देश दिए। वहीं, डीसी ने मामले को संज्ञान में लेते संबंधित बीडीओ को निर्देशित किया था। गेंदा देवी से प्रखंड टीम ने संपर्क कर आधार कार्ड के लिए निबंधन करवा दिया है। आधार नंबर निर्गत होने के बाद उन्हें सर्वजन पेंशन योजना/राशन कार्ड आदि से आच्छादित किया जाएगा। जिसके अगले ही दिन चंदनक्यारी बीडियो अजय कुमार वर्मा गेंदा रजवार के घर पहुंचकर उनकी समस्या को जाना और पेंशन व राशन की प्रक्रिया शुरू कर दी।

बेनिडीह साइडिंग गोलीकांड में सीआइएसएफ जवानों पर हत्या का मामला दर्ज, जांच शुरू

महुदा (आजाद सिपाही)। बेनिडीह साइडिंग गोलीकांड मामले में अंततः बाघमारा पुलिस ने मृतक प्रीतम नोनियां की पत्नी सानिया देवी की लिखित शिकायत पर अज्ञात सीआइएसएफ जवानों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने गोलीकांड घटना के बाद जवानों के हथियार व खोखा जब्त किया था। फिलहाल मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस बाबत पूछने पर बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू ने इसकी पुष्टि की है।

बीएसएल में मनाया गया संविधान दिवस

बोकारो (आजाद सिपाही)। स्टील प्लांट में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इस्पात भवन स्थित समिति कक्ष में कार्यकारी अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) बीएस पोपली ने बीएसएल अधिकारियों व कर्मियों को भारत के संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा, मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी) मनीष जलोटा, मुख्य महाप्रबंधक (आई टी) ए बंकिरा आदि उपस्थित थे।

संविधान दिवस के दिन भाकपा माले ने मनाया प्रतिवाद दिवस, केंद्र सरकार के खिलाफ जाहिर की नाराजगी

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। बाघमारा गोलीकांड से नाराज भाकपा माले ने शनिवार को संविधान दिवस पर निरसा में प्रतिवाद दिवस मनाया। मौके पर उपस्थित राज्य कमेटी सदस्य नागेंद्र कुमार ने कहा कि इस दिन पूरे देश में संविधान दिवस मनाया जा रहा है। लेकिन उस संविधान को केंद्र की भाजपा सरकार बर्बाद करने पर तुली है। जिसके खिलाफ देश के संविधान पसंद लोग लड़ाई लड़ रहे हैं। संविधान दिवस के अवसर पर संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए हमसभी को संकल्प लेने की जरूरत है। इस दौरान बाघमारा गोलीकांड में मारे गए लोग व घायल लोगो के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। इस मौके पर कृष्णा सिंह, मनोरंजन मलिक, हरेंद्र सिंह, जगदीश शर्मा, सुनील गिरि, गणेश महतो, जितेंद्र शर्मा, सत्येंद्र चौहान, बीपीन मंडल, काशी कोयरी, पंचानं माजी, संजीत राऊत, संजय सिंह, ताराकनाथ माजी, राजेश महतो, रामलाल भारती, बजरंगी पासवान और आरिफ खान आदि शामिल थे।

सचिव ने बोकारो समाहरणालय के लिए चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

चास वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के काम में तेजी लायें : विनय चौबे

निर्माणाधीन पीएम आवास योजना व अन्य योजना का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

निर्माण कार्य का निरीक्षण करते राज्य के नगर विकास व आवास विभाग के सचिव विनय चौबे, बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी और अपर नगर आयुक्त अनिल आदि।

बोकारो। चास नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का झारखंड के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय चौबे ने निरीक्षण लिया। मौके पर कार्यरत एजेंसी जुसको के महाप्रबंधक आर के सिंह एवं एसएस सेनगुप्ता ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण की क्रमवार प्रगति कार्य की जानकारी दी। बताया कि चार लाख आबादी को शुद्ध पेयजलापूर्ति उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। लगभग 80 फीसद कार्य पूर्ण हो गया है। पेयजलापूर्ति वाले पूरे क्षेत्र को 10 जोन में बांटा गया है। पेयजलापूर्ति को लेकर विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में पाइप बिछाने का कार्य प्रगति पर है। सचिव ने कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। स्थानीय स्तर पर कोई समस्या हो तो प्रशासन से संपर्क कर समाधान करें। सचिव ने दामोदर नदी में बनाएं गए पंप हाउस/इंटक वेल आदि का भी निरीक्षण किया। सचिव ने चास के कालापत्थर क्षेत्र में निमार्णाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत फ्लैट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। बताया कि कुल 640 फ्लैट का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें 480 फ्लैटों की बुकिंग हो गई है। कई लाभुकों ने निबंधन के बाद दूसरी-तीसरी किस्त का भुगतान भी कर दिया है। सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप समाहरणालय निर्माण को लेकर चिन्हित भूमि का भी जायजा लिया। वहीं, डीसी कुलदीप चौधरी ने भूमि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सचिव ने चास नगर निगम क्षेत्र के लिए ठोस कचड़ा प्रबंधन प्लांट निर्माण को लेकर भी डीसी व अपर नगर आयुक्त से जानकारी ली। साथ ही जरूरी दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुमन, भवन प्रमंडल के अभियंता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, अजय कुमार, सहायक अभियंता, पीएमएवाई के समन्वयक व नगर निगम के कर्मी उपस्थित थे।

लगातार वरिष्ठ डॉक्टरों का बीजीएच छोड़ना चिंता का विषय : अमित

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बोकारो जनरल अस्पताल के नए निदेशक डॉ विभूति करूणामय से उनके बीजीएच कार्यालय में जाकर शनिवार को मुलाकात कर बधाई दी एवं अस्पताल के स्वास्थ सुविधाओं को सुधारने व बीजीएच परिसर में मरिजों को सस्ती दर पर दवाई उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्र खोलने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अमित ने डॉ विभूति से अस्पताल की सुधार कि दिशा में अनेक बिंदुओं एवं विकल्पों पर चर्चा की। उन्होंने बीजीएच की व्यवस्था में सुधार के लिए इस हॉस्पिटल को देश के किसी अच्छे अस्पताल के साथ ज्वाइंट वेंचर कर संचालित करने या बीजीएच को मेडिकल कॉलेज का दर्जा के लिए पुनः गंभीर पहल करने की भी सलाह दी। कुमार अमित ने कई वरिष्ठ डॉक्टरों के बीजीएच छोड़ने पर भी चिंता जाहिर की। उन्होंने नए निदेशक को ज्ञापन देकर बीजीएच परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों को सस्ती दवाई उपलब्ध कराने के लिए देश भर में चलाई जन महत्वकांक्षी योजना के तहत प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्र खोलने की भी मांग की। इस पर बीजीएच निदेशक ने दो माह के अंदर परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधी केंद्र का काउंटर लगवाने का आश्वासन दिया। इसके अलावे अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की दिशा में भी गंभीर पहल करने की बात कही। इस दौरान बीजीएच की मुख्य प्रशासक पदाधिकारी डॉ वर्षा, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरभद्र सिंह, बीएमएस के मजदूर नेता अतुल कुमार और लालबाबू भी उपस्थित थे।

सड़क हादसे में कार सवार की मौत, कई अन्य गंभीर

धनबाद (आजाद सिपाही)। जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र के जीटी रोड स्थित मदयडीह मोड़ के पास शनिवार अहले सुबह भीषण सड़त दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को धनबाद अस्पताल ले जाया गयाश साथ ही परिजनों को भी इसकी सूचना दी गयी। जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह चार बजे दुगार्पुर से कुछ लोग बिहार जा रहे थे। कार की रफ्तार काफी तेज थी। तभी कार अनियंत्रित होकर किसी अज्ञात वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गये और उसमें सवार दुगार्पुर नईमनगर निवासी मोहम्मद सादिक (35) गंभीर रुप से घायल होकर कार के अंदर दब गया, जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार मोनू मंडल व जॉय बोस गंभीर रूप से घायल हो गए।

आग लगने की सूचना पाकर अलग-अलग पहुंची कुंती सिंह और इंदु सिंह

मेयर पद की प्रत्याशी बनने के बाद फिर सक्रिय हुई दोनों बहनें

स्टील गेट में लगी आग से आधा दर्जन से अधिक दुकानें जलकर राख

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। सरायढेला स्टील गेट के समीप सब्जी मंडी में शुक्रवार की देर रात आग लग गयी, जिससे 11 दुकानें जलकर राख हो गई। जानकारी के मुताबिक रात 12 बजे एकाएक सब्जी मंडी में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने कई दुकानों को अपनी जद में ले लिया। स्थानीय लोगों की मदद से आग को बुझा लिया गया, लेकिन सभी सामान जलकर राख हो गए, जिससे लाखों के नुकासन का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं, भुक्तभोगी दुकानदारों का कहना है कि इस क्षेत्र में असमाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है। देर रात तक असामाजिक तत्व नशा करने के लिए आसपास जमे रहते हैं। पहले ही इसी जगह पर अन्य दुकानों में आग लग चुकी है। लोगों का आरोप है बार बार असमाजिक तत्वों द्वारा ऐसा जान बूझकर किया जा रहा है जिसकी पुलिस प्रशासन अच्छे से जांच करे। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर शनिवार की सुबह झरिया की पूर्व विधायक कुंती सिंह और धनबाद नगर निगम की पूर्व मेयर इंदु सिंह अलग-अलग अपनी बहुओं के साथ सरायढेला सब्जी पट्टी पहुंच पीड़ित दुकानदारों से मिलीं। उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। दोनों ने कहा कि अपने निजी खर्च से वे पीड़ित दुकानदारों की मदद करेंगी और जिला प्रशासन से भी मदद करवाने की कोशिश करेंगी। कुंती सिंह ने कहा कि आखिर बार-बार इसी जगह आग क्यों लग रही है पुलिस इसकी गंभीरता से जांच करें। वे यहां अपनी छोटी बहू व सिद्धार्थ गौतम की पत्नी मिनी गौतम के साथ पहुंची थी। उनके जाने के बाद थोड़ी देर बाद ही इंदु सिंह भी अपनी बहू आसनी सिंह के साथ पहुंची और पीड़ितों का दर्द जाना।

बतातें चलें कि दोनों सगी बहनें और गोतनी भी हैं। कुंती सिंह मजदूरों के मसीहा स्व सूर्यदेव सिंह की पत्नी हैं तो इंदु रामाधीर सिंह की पत्नी हैं। दोनों ने बतौर जनप्रतिनिधि अपना कार्यकाल पूरा कर राजीनीति से लगभग पूरी तरह दूरी बना ली थी। पर अब नगर निगम चुनाव को लेकर दोनों बहनें फिर से सक्रिय होकर अलग-अलग चुनावी ताल ठोक मेयर पद के लिए चुनाव लड़ने की घोषणा कर रखी हैं।

जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा

नियुक्ति विज्ञापन संख्या 11/2022 के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर अनुबंध आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन करने वालों को सूचित किया जाता है कि आपके आवेदन को प्रथम स्तर पर जाँच के उपरांत पाई गई त्रुटि से संबंधित सूचना koderma.nic.in पर प्रकाशित कर दी गई है। उक्त सूची में किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज कराने हेतु दिनांक 30/11/2022 के अपराहण 05 बजे तक का समय निर्धारित है। यदि किसी को आपत्ति दर्ज करानी हो तो जिला स्वास्थ्य समिति के सदर अस्पताल परिसर स्थित कार्यालय में लिखित रूप से दिनांक 30/11/2022 के अपराहण 05 बजे तक आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत किसी प्रकार का दावा या अपत्ति मान्य नहीं होगा।

आदेशानुसार

सिविल सर्जन, कोडरमा, . उपायुक्त, कोडरमा

PR 283527Health Med Edu and Family Welfare(22-23)#D

झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, रामगढ़
भर्त्ती कैम्प (Placement Drive) दिनांक 28 नवम्बर 2022

सूचना

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, रामगढ़ के द्वारा निष्ठा स्कील सेन्टर (NISTHA Skill), माण्डू, रामगढ़ परिसर में दिनांक 28 नवम्बर 2022 को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 04.00 बजे तक भर्ती कैम्प (Placement Drive) का आयोजन किया जाना है। जिसमें निजी क्षेत्र के निम्नलिखित प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है, तथा उनसे प्राप्त रिक्तियाँ निम्नलिखित है :–

Sl No	Date	Name & Address of the Employer	Post	No of Vacancies	Qualification	Age	Salary	Remarks
1.	28.11.2022	Maruti Suzuki India Ltd. Gurgaon, Haryana	Trainee	100	10th Pass	18 to 20 Years	14200/-	—
2.		Celebrity Fashion Ltd. Tambaram, Chennai	SMO	100	10th Pass	18 o 25 Years	10420 to 13285/-	—
3.		Best Corporation Pvt. Ltd.Tirpur, Tamilnadu	SMO	100	10th Pass	18 o 30 Years	10276 to 14067/-	—
4.		Mother Sumi Systems Ltd., Gujrat	Associates	100	12th Pass/ITI	18 o 30 Years	12278/-	—
5.		Yazaki, Gujrat	Associates	100	12th Pass/ITI/Diploma	18 to 30 Years	12924/-	—
6.		Suzuki Motor Pvt. Ltd. Gujrat	Vehicle Technician (OJT)	100	10th Pass with min 50% marks	18 to 21 Years	11000/-	Learn & Earn Program (NCVT)
7.		L&T, Vishakhapattanam	Helper	100	10th Pass	18 to 30 Years	11500/-	Exp. In Fitter, Mason, Carpenter

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://rojgar.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों की एक छाया प्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढ़ता पूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है।

जिला नियोजन–सह–कौशल पदाधिकारी रामगढ़

PR 283569 Labour Employment and Traning(22-23)D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० :–*RE-03/RDSD/RAMGARH/07/2021-22*

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– Block Building मद अन्तर्गत।

क्र० सं०	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (रू० लाख में)	अग्रधन की राशि (रू०)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	रामगढ़ जिला के गोला प्रखण्ड अन्तर्गत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचल अधिकारी/पर्यवेक्षीय/तृतीय /चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास निर्माण तथा प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध निर्माण कार्य।	555.90895	1112000.00	10000.00	(12) बारह माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 02.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 08.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 09.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ०एफ०पी० भवन धुर्वा, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.12.2022 अपराह्न 02:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 8986791292, 8210703869
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

PR 283564Rural Work Department(22-23)#D

कोयलांचल धनबाद में शपथ संकल्प के साथ मनाया गया संविधान दिवस

संविधान के प्रति निष्ठा रखना हम सभी का कर्तव्य : प्रधान जिला जज

डीसी संदीप सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों ने किया संविधान प्रस्तावना का वाचन

आजाद सिपाही संवाददाता

भारतीय संविधान दिवस पर कांग्रेस कार्यालय में शपथ लेते पार्टी के जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह व अन्य। समाहरणालय में अधिकारियों संग शपथ लेते डीसी संदीप सिंह व अन्य।

धनबाद। भारतीय संविधान की शक्ति उसके उद्देश्य उसमें वर्णित सामाजिक, आर्थिक न्याय की परिकल्पना समझने का इससे अच्छा अवसर कोई नहीं हो सकता। ऐसे तो हम रोज संविधान के प्रावधानों के तहत ही काम करते हैं पर वर्ष में एक दिन ऐसा भी होता है जिसमें हम अपने संविधान के प्रति निष्ठा प्रकट करने के लिए एक जगह एकत्रित होते हैं। इसी कारण हम लोगों ने संविधान की शपथ ली है और उसके प्रस्तावना को पढा है। उक्त बातें शनिवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने संविधान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में धनबाद के तमाम न्यायिक पदाधिकारी, विधिक स्वयंसेवक, सिविल कोर्ट कर्मचारी, बार एसोसिएशन के अधिवक्ता आदि ने संविधान के प्रस्तावना को न्यायाधीशों के संग पढा और संविधान में अपनी निष्ठा प्रकट की। न्यायाधीश ने सभी से संविधान के प्रावधानों के अनुरूप कार्य करने की अपील की। वहीं बार एसोसिएशन में भी अधिवक्ताओं ने संविधान की शपथ ली और प्रस्तावना को पढा। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अवर न्यायाधीश निताशा बारला ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर विभिन्न स्कूलों मे जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है जिसके तहत स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग आयोजित की जाएगी। इसमें बच्चे मौलिक अधिकारों के संबंध में अपने विचार व्यक्त करेंगे। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश टी हसन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार श्रीवास्तव, प्रेमलता त्रिपाठी, रजनीकांत पाठक, सुजीत कुमार सिंह, एसएन मिश्रा, प्रभाकर सिंह, राजकुमार मिश्रा अखिलेश कुमार, नीरज कुमार विश्वकर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप, अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला, राजीव त्रिपाठी सिविल जज श्वेता कुमारी, शिवम चौरसिया, सफदर नायर, निर्भय प्रकाश, विशाल माजी, प्रतिमा उराव, पूनम कुमारी, रजिस्ट्रार एसएस तिर्की, धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय, महासचिव जितेंद्र कुमार के अलावा डालसा के पैनल अधिवक्ता श्रीनिवास प्रसाद आदि उपस्थित थे।

दूसरी ओर, कोयलांचल के दर्जनों सरकारी व सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक पार्टियों के कार्यालय में शनिवार को संविधान दिवस मनाया। जिला समाहरणालय के साथ कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संविधान के रक्षा की शपथ दिलाई गई। जिला समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी सह डीसी संदीप सिंह की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। डीसी ने कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान सभा ने जिस परिकल्पना के साथ संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया है उसके मूल मंत्र को अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संविधान के मूल उद्देश्यों का बार-बार पठन करने से ही उसके मूल मंत्र का हम अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन कर सकेंगे। हम सबको मिलकर अपने मौलिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लेना है। इस मौके पर अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, अंशु पांडेय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, स्नेह कश्यप आदि उपस्थित रहे।

जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पार्टी कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने संविधान पर चर्चा करते हुए संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर,देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सहित सभी महापुरुषों को याद करते हुए उनके कृतित्व व व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने के साथ ही राष्ट्र की एकता और अखंडता, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय एवं भारत के भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सभी ने संकल्प लिया। मौके पर जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कुमार सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र वर्मा, शमशेर आलम, मनोज यादव, मंटू दास, नवनीत नीरज, दिनेश सिंह, राजू दास, गोपाल कृष्ण चौधरी, जाहिर अंसारी आदि उपस्थित थे।

एक्शन फोर्स की ओर से मनाया गया संविधान दिवस

हीरापुर स्थित गांधी सेवा सदन में सामाजिक संगठन एक्शन फोर्स ने संस्था के चेयरमैन एमके आजाद के नेतृत्व में सविधान दिवस मनाया। एमके आजाद ने बताया कि हमारा संविधान हमें मौलिक अधिकार व हक हासिल करने के लिए दिया गया है। भारत का संविधान मौलिक रूप से दुनिया का सबसे खूबसूरत संविधान है जो राजा से लेकर रंक तक को एक समान अधिकार दिया है। कार्यक्रम में धनबाद बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार सिंह, मुख्य वक्ता कॉमरेड गणेश दीवान वर्मा, संदीप कुमार, महेश कुमार, विपिन लाल, मनोज विश्वकर्मा, अजय यादव और रामजी भगत आदि उपस्थित थे।

रेल मंत्री ने ओड़िशा में रेलवे परियोजनाओं की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को ओड़िशा का दौरा किया और पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक और रेलवे के अन्य प्रमुख विभागीय अधिकारियों के साथ ओड़िशा में चल रही रेलवे परियोजनाओं की समीक्षा पूर्व तट रेलवे मुख्यालय रेल सदन में की। चूंकि राज्य में परियोजनाओं को शीघ्र निर्माण कार्य और शीघ्र पूरा करने को प्राथमिकता दी जा रही है। श्री वैष्णव ने रेलवे अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने की सलाह दी ताकि चल रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों सहित सभी एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क और समन्वय बनाए रखने की सलाह दी। बाद में श्री वैष्णव ने ओडिशा निर्माण कॉन्क्लेव-2022 में भाग लिया और भारतीय रेलवे में कई दृष्टि, नये नवाचार, परियोजनाओं को जल्दी पूरा करने, बंदरगाह कनेक्टिविटी आदि के साथ परिवर्तन के बारे में जानकारी दी।

मीडिया को जानकारी देते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि 2014 से पहले, ओड़िशा को केवल 830 करोड़ बजटीय आवंटन मिल रहा था। चालू वर्ष में ओडिशा को लगभग 10 हजार करोड़ का बजटीय आवंटन मिला, जो उम्मीद से काफी अधिक है। उन्होंने यह भी बताया कि 2014 से पहले राज्य में महज 20 से 25 किलोमीटर रेल लाइन विकसित की जा रही थी। पिछले साल राज्य में करीब 180 किलोमीटर रेल लाइन बनकर तैयार हुई थी और इस साल करीब 550 किलोमीटर रेल लाइन विकसित की जायेगी। यह रेलवे विकास के क्षेत्र में ओडिशा में भारी बदलाव का संकेत देता है।

श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि 28 स्टेशनों को विश्वस्तरीय पुनर्विकास की योजना बनायी गयी है, जहां टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और काम चल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि ओडिशा को भी बहुत जल्द वंदे भारत एक्सप्रेस मिलेगी। इसके अलावा राज्य में बहुत जल्द 5जी कनेक्टिविटी मुहैया करायी जायेगी। इसके अलावा श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि, रथ यात्रा से पहले जगन्नाथ सर्किट ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है, जो भगवान जगन्नाथ और ओड़िशा की महान संस्कृति, विरासत और इतिहास को प्रदर्शित करेगी।

संबलपुर मंडल में संविधान दिवस आयोजित

संबलपुर (आजाद सिपाही)। शनिवार को संबलपुर मंडल में संविधान दिवस आयोजित किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, विनीत सिंह ने सभी रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी जुसूफ कबीर अंसारी ने समारोह का समन्वय किया।

एम्स भुवनेश्वर में अंग दान पर जागरूकता विषयक कार्यशाला

एक डोनर बचा सकता है 8 लोगों की जान, डेड डोनर प्रोग्राम समय की जरूरत

अंग प्रत्यारोपण के इंतजार में हर दिन 17 लोगों की मौत हो जाती है

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। अंग प्रत्यारोपण के इंतजार में हर दिन 17 लोगों की मौत हो जाती है। हर 10 मिनट में प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में एक और व्यक्ति जुड़ जाता है। एम्स भुवनेश्वर के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित निरंतर चिकित्सा शिक्षा (सीएमइ) और अंग दान पर जागरूकता पर कार्यशाला में भाग लेने वाले राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों ने कहा कि एक एकल दाता 8 लोगों की जान बचा सकता है और एक मृतक दाता कार्यक्रम समय की जरूरत है।



जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के अलावा अंग प्रत्यारोपण के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अन्य पहलुओं पर प्रकाश डाला जैसे कि उपयुक्त दाता और प्राप्तकर्ता का चयन, अंग आवंटन, शोक परामर्श की आवश्यकता और व्यापक गुणवत्ता नैदानिक देखभाल केवल अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को और तेज कर सकती है। देश में भी और उड़ीसा में भी। एम्स भुवनेश्वर के अध्यक्ष प्रोफेसर सुब्रत आचार्य ने कहा कि आईसीयू सेटअप में ब्रेनस्टेम डेथ की घोषणा करने में न्यूरो फिजिशियन और क्रिटिकल केयर प्रदाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) के सहयोग से एम्स में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में प्रोफेसर वाई के चावला, अध्यक्ष एसएससी एम्स भुवनेश्वर और पूर्व निदेशक, पीजीआइएमइआर, चंडीगढ़, पुलिस आयुक्त सौमेंद्र कुमार प्रियदर्शी, डॉ कृष्ण कुमार, निदेशक, NOTTO, GOI, प्रो विपिन कौशल, नोडल अधिकारी, ROTTO, PGIMER, चंडीगढ़, प्रो विनयेंद्र पामेचा, प्रमुख, लिवर प्रत्यारोपण, ILBS, नयी दिल्ली, डॉ दिनेश कुमार नेगी, कानूनी विशेषज्ञ, हिंदूराव अस्पताल, दिल्ली, प्रो दीपक कुमार गुप्ता, जेपीएनए ट्रॉमा सेंटर, एम्स नयी दिल्ली, डॉ आशीष कुमार साहू, डॉ सुनील श्रॉफ, पल्लवी कुमारी, डॉ अर्चना कुमारी।

एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर आशुतोष बिस्वास ने राष्ट्रीय संस्थान में विभिन्न प्रत्यारोपण सेवाओं की स्थापना के लिए हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। कार्यशाला में चिकित्सा अधीक्षक प्रो एसएन मोहंती, डीन डॉ पीआर महापात्रा, डीडीए रश्मि रंजन सेठी ने भी भाग लिया।

कार्यशाला और सीएमई में गतिविधि आधारित कार्यक्रम देखे गये जिनका उद्देश्य अंग दान और प्रत्यारोपण के बारे में जागरूकता पैदा करना था, जो निश्चित रूप से समय की आवश्यकता है। सीएमइ में इंटेंसिविस्ट, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट, ट्रॉमा और आपातकालीन चिकित्सक, सर्जन, फोरेंसिक मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिसिन आदि शामिल थे।

सार्वजनिक क्षेत्र में लिवर प्रत्यारोपण सर्जरी में अग्रणी प्रो विनियेंद्र पामेचा के साथ प्रो दीपेश केंवर, प्रो विपिन कौशल को इस क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसी तरह लिवर ट्रांसप्लांट प्राप्तकर्ता उमा आचार्य ने अनुभव साझा करते हुए अंग प्रत्यारोपण की अपील की।

डॉ ब्रह्मदत्त पटनायक, सहायक प्रोफेसर, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एम्स भुवनेश्वर ने सभी को धन्यवाद दिया और जागरूकता पैदा करने के लिए एम्स द्वारा रविवार (27 नवंबर) को आयोजित होने वाले वॉकथॉन के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने केंद्रीय वित्त मंत्री को लिखा पत्र, किया केंदू पत्ते तोड़नेवालों और बांधनेवालों से जीएसटी वापस लेने का अनुरोध

भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)। केंदू पत्ते से जीएसटी को वापस लेने को लेकर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखा है। केंदु पते पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। इस में प्रभावित हो रहे है केंदू पत्ते तोड़ने वाले। रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ दिन पहले हुई जीएसटी मीटिंग में बड़ा फैसला लिया गया। केंदु पते पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया गया। जिसे लेकर अलग-अलग महल से विरोध हो रहा है। जिस को लेकर केंदू पत्ते तोड़ने वाले लोगों में असंतोष दिखायी दिया। इस संबंध में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। इस पत्र में केंदु पते पर लगे 18 प्रतिशत जीएसटी को वापस लेने का अनुरोध किया गया है।

पूर्व तट रेलवे में मनाया गया संविधान दिवस

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूर्व तट रेलवे द्वारा शनिवार को रेलवे मुख्यालय रेलवे सदन में संविधान दिवस मनाया गया। रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री शरद कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी प्रधान विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इसके अलावा पूर्व तट रेलवे के तीनों रेलवे जोन यानी खुर्दा रोड,बाल्टियर और संबलपुर में भी संविधान दिवस मनाया गया. पूर्व तट रेलवे की सीमाओं के भीतर विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर यह दिवस मनाया गया। दूरदराज इलाकों में रेलकर्मी और अधिकारी भी अपने कार्यस्थल पर भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सुनाते हैं।

सीआइआइ क्लाइमेट ऐक्शन चार्टर में हस्ताक्षरकर्ता बनी वेदांता एल्युमीनियम

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी ऐल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने घोषणा की है कि अब वह कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआइआइ) क्लाइमेट ऐक्शन चार्टर में हस्ताक्षरकर्ता है। कंपनी के इस कदम से पुष्टि होती है कि वह नेट् जीरो कार्बन परिचालन के लिए समर्पित है तथा अपने कामकाज की पूरी श्रृंखला में जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर सकारात्मक कदम उठाने के लिए वह अपने ग्राहकों एवं सप्लायरों के साथ मिल कर काम कर रही है। यह इस बात का सूचक है कि जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने की रणनीतियों में अमल की दिशा में उद्योग जगत क्या कदम उठा सकता है।

सीआइआइ क्लाइमेट ऐक्शन चार्टर पूरे उद्योग जगत की पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय व्यापारों के बीच ढांचागत जलवायु परिवर्तन हेतु कार्यवाही को बढ़ावा देना है। सीआइआइ ने चार्टर को व्यापारों के लिए एक उपयोगी टूल के तौर पर विकसित किया है, जिससे वे जलवायु पर अपने असर पर पर नजर रख सकें, उत्सर्जन को कम करने के लिए एक अनुरूप एवं दीर्घकालिक रणनीतियां बना सकें तथा अपनी मूल्य श्रृंखलाओं के सहभागियों को प्रोत्साहित कर सकें कि वे सब भी संवहनीय प्रौद्योगिकियों एवं परिचालन की तरफ अपना रुख करें। वेदांता एल्युमीनियम का लक्ष्य है- इस प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए सेक्टोरल क्लाइमेट ऐक्शन की अगुआई करना तथा दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मकता एवं सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ तौर-तरीकों को एकत्रित करना।

वेदांता एल्युमीनियम के क्लाइमेट ऐक्शन सफर के बारे में बात करते हुए वेदांता लिमिटेड के सीइओ-एल्युमीनियम बिजनेस राहुल शर्मा ने कहा कि कंपनियों और समुदायों पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव बहुत दूर तक जायेगा। भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी होने के नाते वेदांता एल्युमीनियम का लक्ष्य है। सबसे आगे रह कर एल्युमीनियम उद्योग के सतत विकास हेतु मार्ग प्रशस्त करना। सस्टेनेबल एप्लीकेशंस के लिए एल्युमीनियम की संभावनाएं असीम हैं और कम कार्बन युक्त भविष्य हेतु यह परम आवश्यक है। इसलिए हमारा मानना है कि यह दायित्व हम पर है कि हम कार्बन फुटप्रिंट को घटाएं, ग्रीन वैल्यु चेन की रचना करें और हराभरा भविष्य बनाएं। इस सफर में हम स्थानीय समुदायों के साथ मिल कर काम करेंगे और जलवायु के प्रति उन्हें लचीला बनायेंगे।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**